# ना सड़क पर ढाल हैं, ना जल की निकासी...

रतलाम, नप्र। पहले भी छह इंच से अधिक पानी बरसा हैं लेकिन ऐसे हालात कभी पैदा नहीं हुए जैसे कि पिछले रविवार को भयावह हालात देखे गए। आज अगर ये हालात पैदा हुए है तो इसकी खास वजह शहर में जल की उचित निकासी ना हो और ना ही सड़कों का ढाल है। नालों के आसपास के जो खुले निकास थे वे भी बंद है।

## ड्रेनेज सिस्टम सुधारें-गादिया

रेडक्रास सोसायटी के पूर्व चेयरमेन समाजसेवी महेन्द्र गादिया ने हाल ही में बीते रविवार को बरसात से बिगड़े हालात पर चिंता जताते हुए प्रशासन से मांग की हैं कि अव्वलतौर पर शहर के ड्रेनेज सिस्टम को सुधारा जाए। गादिया ने कहा कि महज छह इंच की बारिश में रतलाम शहर में पानी जमा होने के हालात भयावह थे। ऐसा नहीं हैं कि रतलाम में इस बार ही छह इंच बारिश हुई हैं वरन इससे पहले भी छह इंच से अधिक पानी बरसा है लेकिन ऐसे हालात पैदा नहीं हुए। छह इंच बारिश में भयावह हालात को देखते हुए जरूरी हो गया हैं कि शहर में सड़क के साथ ही ड्रेनेज सिस्टम पर ध्यान देना जरूरी है। वैसे भी आज देखा जाए तो शहर में जितनी भी सड़कें बनी है कहीं पर भी ना तो ढाल हैं और नहीं जल की निकासी का इंतजाम है। यहां तक की नाले के आसपास के जो खुले निकास थे वे भी बंद है। गादिया ने कहा कि शहर की नालियों की सफाई ना होना भी एक खास वजह है। शहर की नालियों की सफाई भी आवश्यकतानुसार खोलकर करना जरूरी है। गादिया ने कहा कि जल की उचित निकासी को लेकर चार पांच साल पहले उन्होंने रतलाम विकास मंच के माध्यम से ध्यान खींचा था लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। गादिय ने प्रशासन से अनुरोध किया हैं कि शहर की ड्रेनेज सिस्टम को जल्द ही सुधार कर बेहत्तर इंतजाम कर सुविधा प्रदान करें ताकि लोगों के जानमाल के साथ आर्थिक नुकसान ना हो। गादिया ने कहा कि सीवरेज सिस्टम के कारण आज पूरा शहर खुदा पड़ा जिससे नागरिकों का सड़क पर चलना भी दूभर है। प्रकि'२१

प्रभात किरण 21/9/21

# बारिश से काफी नुकसान कलेक्टर ने जायजा लिया

रतलाम, नप्र। रविवार तड़के तेज मूसलाधार बारिश से रतलाम शहर के लोगों को काफी नुकसान हुआ है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने खुद मौके पर पहुंचकर जायजा लेकर हाल जाने थे। उनकी पहल पर ही नगर में बारिश से प्रभावित परिवारों का सर्वेक्षण हुआ। जिसमें पाया कि भारी बारिश से 195 लोग प्रभावित हुए है।

नुकसानी के सर्वे में टीम ने बताया कि भारी बारिश से शहर के चार के मकानको ज्यादा नुकसान हुआ है वहीं नौ परिवारों के मकान को आंशिक रूप से नुकसान हुआ है। सर्वे में पाया कि रविवार के दिन तकरीबन एक सौ बयासी मकानों में बारिश का पानी घुसा। कहा जा रहा है कि इसका भी ठीक ढंग से आंकलन समय सीमा में कर लिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सर्वे के दौरान प्रभावितों में से 93 परिवारों के बैंक खातों में आज मंगलवार को राहत राशि पहुंच जाएगी। कलेक्टर ने सिटी एसडीएम तथा तहसीलदार से साफतौर पर कहा कि इस बात का खासतौर पर ध्यान रखा जाए कि कोई भी प्रभावित परिवार राहत राशि से छूटे नहीं।

प्रभात किरण 21/9/21

# बाढ़ : 92 के बैंक खातों में 7 लाख की राशि ट्रांसफर की

## भारी बारिश से सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई, गांवों में राशि का इंतजार

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दो दिन पहले भारी बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा लोगों के अकाउंट में पहुंचने लगा है। जिला प्रशासन ने मंगलवार को 92 लोगों के अकाउंट में 7 लाख 38 हजार 200 की राशि डाली। 24 घंटे में लोगों के अकाउंट में राशि पहुंचना शुरू हो गई है। तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया 295 मकानों में नुकसान होना पाया गया। शेष व्यक्तियों के बैंक खातों में भी राशि शीघ्र पहुंचा दी जाएगी। गौरतलब है कि दो दिन पहले रविवार को भारी बारिश से मकानों में पानी घुस गया था।

## शहर में ही सर्वे हुआ

करमदी के लक्ष्मीनाराण सोलंकी ने बताया बारिश से सोयाबीन को नुकसान हुआ है। बारिश के कारण खेत में पानी भर गया और फलियां उग गई हैं। प्रहलाद पाटीदार ने बताया बारिश के कारण फसल पक गई थी लेकिन बारिश हो गई। माणकलाल वर्मा ने बताया कि चार बीघा की फसल खराब हो गई है लेकिन सर्वे भी शुरू नहीं हुआ है।

**ताकि बीमा मिल सके :** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष ललित पालीवाल ने बताया ऐसे किसान जिन्होंने पहले बोवनी कर दी है। उनकी फसल प्रभावित हुई है। सोयाबीन फुलने के साथ ही उगने भी लगी है। दो से चार दिन में स्थिति और क्लीयर हो जाएगा।

दै. भास्कर 22/9/21

अमृत योजना में आज शहर को बड़ी सौगात

# 128 करोड़ का ट्रीटमेंट प्लांट होगा शुरू

**रतलाम.** अमृत योजना अंतर्गत 128 करोड़ रुपए के सीवरेज प्रोजेक्ट की सुविधा शहरवासियों को बुधवार को मिलने जा रही है। दोपहर 12 बजे सीएम शिवराजसिंह चौहान योजना अंतर्गत निर्मित करमदी मार्ग और खेतलपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का डिजिटल लोकार्पण करेंगे।


नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि 128.78 करोड़ की लागत से सीवरेज योजना का कार्य जमीनी स्तर पर करीब पूरा हो गया है। इसको शहर की वर्ष-2047 तक की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। प्रोजेक्ट में 276.36 किलोमीटर का सीवरेज नेटवर्क तैयार हुआ है। 5 हजार 26 मेनहोल चैंबर बनाने के अलावा 11 हजार 155 हाऊस चैंबर बनाए गए हैं। शहर में कुल 43 हजार 273 भवनों के मान से अभी तक गुजरात की कंस्ट्रक्शन कंपनी ने 20 हजार 283 आवास में कनेक्शन जोड़ दिए हैं।

## इतनी क्षमता के प्लांट

सीवरेज योजना अंतर्गत खेतलुपर ट्रीटमेंट प्लांट 16 मिलियन लीटर प्रतिदिन के मान से बनाया गया है, जबकि दूसरा करमदी रोड स्थित ट्रीटमेंट प्लांट 21.5 मिलियन लीटर प्रतिदिन के मान से क्षमता का बनाया गया है। इसके शुरू होने से भूमिगत जल को भी प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा। नगर निगम के आला अधिकारियों के अनुसार इस योजना से शहर की करीब 3.50 लाख जनसंख्या को लाभ होगा।

## अंशदान से हुआ काम

केंद्र सरकार की अमृत योजना में शहर में सीवरेज प्रोजेक्ट की शुरुआत वर्ष2016 में टेंडर के बाद की गई थी। सीवरेज प्रोजेक्ट में केंद्र की ओर से 50 फीसदी राशि एवं 40 फीसदी राशि राज्य सरकार से दी गई थी। नगर निगम ने प्रोजेक्ट में 10 प्रतिशत राशि मिलाई थी। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन और संधारण आगामी 10 वर्ष के लिए गुजरात की कंपनी के द्वारा किया जाएगा।



पत्रिका 22/9/21

# वर्षा से प्रभावित शहर के 93 परिवारों के बैंक खातों में मंगलवार को राहत राशि पहुंच जाएगी

## कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार जानकारी प्राप्त की

रतलाम। शहर में गत दिवस भारी वर्षा से प्रभावित परिवारों का सर्वेक्षण सोमवार को पूर्ण कर लिया गया। बताया गया कि सर्वेक्षण अनुसार वर्षा से 195 परिवार प्रभावित हुए हैं। इनमें से चार के मकान गंभीर क्षतिग्रस्त हुए हैं, 9 परिवारों के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा 182 मकानों में पानी घुसने की जानकारी मिली है जिनका सुव्यवस्थित आकलन समय सीमा में कर लिया जाएगा।

इनमें से 93 परिवारों के बैंक खातों में मंगलवार को राहत राशि पहुंच जाएगी। उक्त जानकारी सोमवार शाम संपन्न समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दी गई। कलेक्टर ने सिटी एसडीएम तथा तहसीलदार को निर्देश दिए कि कोई भी प्रभावित परिवार राहत राशि से वंचित नहीं रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**कृषि विभाग सहित कई विभागों की ढीली-ढाली कार्यप्रणाली पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त की-**



बैठक में समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा कई विभागो की ढीली-ढाली कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी व्यक्त की गई और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए सख्ती से निर्देशित किया गया। इनमें कृषि विभाग के उपसंचालक के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त की गई। इसके अलावा सहकारिता विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, शिक्षा विभाग, ट्राईबल, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पीआईयू, जनपद पंचायत बाजना, सैलाना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम रतलाम, डीपीसी को भी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया गया।।.

**एक जिला एक उत्पाद के तहत 10 औद्योगिक इकाइयां आरंभ होंगी-**

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारी सक्रियता के साथ कार्य करें। जिले में लहसुन तथा रतलामी नमकीन को एक जिला एक उत्पाद योजना में सम्मिलित किया गया है। आगामी 1 नवंबर को लहसुन तथा रतलामी नमकीन की 5-5 नवीन औद्योगिक इकाइयां आरंभ कर दी जाएगी। इसके लिए अभी से संबंधित उद्यानिकी तथा जिला उद्योग विभाग कार्यालय काम शुरू कर दें।

**सैलाना तथा बाजना के प्रत्येक आदिवासी परिवार के खेत में मनरेगा से काम होगा-**बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने सीईओ जिला पंचायत को निर्देश दिए कि सैलाना तथा बाजना के प्रत्येक आदिवासी परिवारों के खेतों [illegible] मनरेगा योजना से कम से कम एक का[illegible] किया जाए जिससे उनका आर्थिक उत्था[illegible] हो, जीवन स्तर ऊंचा उठे। इसके लि[illegible] अति शीघ्र कार्य योजना प्रस्तुत करने [illegible] निर्देश कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने य[illegible] भी सुनिश्चित करने को कहा कि मनरेग[illegible] में कोई भ्रष्टाचार नहीं हो, मशीन से का[illegible] तथा मानव श्रम शासन द्वारा निर्धारि[illegible] अनुपात में आयोजित हो।

**जल जीवन मिशन की खरा[illegible] गुणवत्ता पर सख्त नाराजगी-**बैठक [illegible] कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा लो[illegible] स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्ष[illegible] करते हुए जल जीवन मिशन के विभि[illegible] कार्यों में खराब गुणवत्ता पर सख[illegible] नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यपालन यंत्र[illegible] को चेतावनी दी। कलेक्टर ने कहा वि[illegible] मिशन में कई कार्यों की गुणवत्ता खरा[illegible] है, आपको अंतिम चेतावनी दी जा रह[illegible] है। यदि सुधार नहीं किया गया तो सख[illegible] एक्शन ली जाएगी, शासन को रिपो[illegible] भेजी जाएगी। इसी तरह की चेतावन[illegible] प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना [illegible] महाप्रबंधक को भी काम सुधारने के लि[illegible] दी गई। स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम 22/9/21

# दिसम्बर तक सभी लोगों को लग जाएगा कोरोनारोधी टीका - केन्द्र

**नई दिल्ली ●** केन्द्र सरकार का मानना है कि मौजूदा वर्ष के अंत तक 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र लोगों को कोविड टीका लग जाएगा और विदेशों को इसका निर्यात सुगमता से किया जा सकेगा। आज 82 करोड़ से अधिक टीके लगाने के आंकड़े को पार करने के लिए कदम बढ़ा दिए गए हैं। शाम तक यह आंकड़ा हासिल कर लिया जाएगा। कल तक 81.85 करोड़ से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं। देशभर में दिसम्बर तक कोविड टीका सभी पात्र लोगों को लगा दिया जाएगा।

स्वदेश

स्वदेश 22/9/21

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने मैदानी अफसरों को दी चेतावनी

# घटिया काम बर्दाश्त नहीं होगा

- सुराज का मतलब बिना लिये-दिए और बिना देरी के काम होना
- सीएम ने कहा, मैं जनदर्शन के साथ अब औचक निरीक्षण भी करूंगा



**भोपाल, (प्रसं)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण का सामना करना अब तक राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता थी। प्रशासनिक अधिकारियों, जन-प्रतिनिधियों और जनता के सहयोग से हम प्रदेश में कोरोना को नियंत्रित करने में सफल हुए हैं। इसके लिए समस्त प्रशासनिक अमला बधाई का पात्र है।

प्रदेश को सुराज के मॉडल के रूप में स्थापित करना है। कोरोना के नियंत्रित होने के बाद अब विकास, जन-कल्याण और समय-सीमा में निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए हमें एक बार फिर फुल फॉर्म में आना है। सुराज का मतलब है बिना लिए-दिए और बिना विलंब के लोगों के काम होना। सुराज का मतलब है विकास के काम गुणवत्ता के साथ पूर्ण होए घटिया काम बर्दाश्त नहीं होगा। प्रदेश में जनदर्शन आरंभ हो गया है और अब औचक निरीक्षण भी मैं शीघ्र आरंभ करूंगा। भ्रष्टाचार पर हमारी जीरो टॉलरेंस नीति होगी। गड़बड़ करने वालों पर कठोरतम कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री चौहान मंत्रालय से कलेक्टर-कमिश्नर्स को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मंत्रालय में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कान्फ्रेंस में सभी कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित सभी जिला पंचायतों के सीईओ और सभी कमिश्नर नगर निंगम बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिलों में बड़े कार्यों की मॉनीटरिंग कलेक्टर स्वयं करें। अटल एक्सप्रेस-वे का नाम अब अटल प्रगति-वे होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक से 15 नवंबर तक राजस्व अभिलेखों के शुद्धिकरण का अभियान चलाया जाएगा। राजस्व रिकॉर्ड में जितनी भी पेंडेंसी है, उसको समाप्त किया जाएगा। प्रदेश में 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस है, भगवान बिरसा मुंडा के जन्म-दिवस पर राजस्व शुद्धिकरण अभियान पूर्ण होगा।

### कलेक्टर, एसपी से लेकर मैदानी अधिकारियों तक पुरस्कार की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अधिकारी अच्छा कार्य कर रहे हैं, उन्हें पुरस्कृत करने के लिए व्यवस्था स्थापित की जाए। श्रेष्ठता को रिकार्ड में दर्ज करना आवश्यक है। कलेक्टर, एसपी के साथ मैदानी स्तर के अधिकारियों को पुरस्कृत करने की व्यवस्था हो। साथ ही जिन अधिकारियों का परफार्मेंस ठीक नहीं है, उनके संबंध में टीप रिकार्ड में अंकित होनी चाहिए।

### मुझे क्या लेना-देना का भाव छोड़कर सोशल मीडिया पर सक्रिय हों कलेक्टर

मुख्यमंत्री ने कहाकि सोशल मीडिया नेटवर्क को सशक्त करने के लिए जिलों को राज्य शासन की ओर से आवश्यक सहयोग और समर्थन उपलब्ध कराया जाए। कॉन्फ्रेंस में विभिन्न संभागों और जिलों की ट्वीटर और फेसबुक पर सक्रियता के संबंध में आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेक्टर मुझे क्या लेना-देना का भाव छोड़कर सोशल मीडिया पर सक्रिय हों।

### जन-सुनवाई और समाधान एक दिन भी होगा आरंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में हर माह मॉनिटरिंग होगी। प्रदेश में 21 सितंबर से जन-सुनवाई आरंभ होगी। पूर्व की भांति प्रातः 11 से 12 बजे तक कलेक्टर-कमिश्नर और सभी विभागों के अधिकारी जनता से मिलेंगे और उनकी समस्याएं जानेंगे। समाधान एक दिन अर्थात् वन-डे गवर्नेंस भी आरंभ होगा। चिन्हित सेवाओं में प्रातः आवेदन देने पर शाम तक उसका निराकरण किया जाएगा।

### ग्वालियर में मुक्त कराई गई 1027 एकड़ भूमि

मुख्यमंत्री ने शासकीय भूमि को भू-माफिया और गुंडों से मुक्त कराने के लिए ग्वालियर, सागर, छतरपुर, सिवनी और खण्डवा जिलों को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर में 1027 एकड़ भूमि कब्जाधारियों से मुक्त कराई गई है। प्रदेश में अब तक 3839.69 एकड़ भूमि मुक्त कराई गई है।

२१७

राजएक्सप्रेस २२/९/२१

**बारिश से सड़कों का बुरा हाल** • कम्प्यूटर ऑपरेटर व्यस्त इसलिए टेंडर आने के बावजूद नहीं खुल पाई 22 सड़कों की वित्तीय बिड, काम अटक रहे

# 38 किमी सड़कें उधड़ीं, बह गया 9 लाख का पेचवर्क

### सीवरेज, पाइप लाइन और अब बारिश ने खराब की 87 किमी से ज्यादा सड़कों की हालत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की लगभग 87 किमी टूटी सड़कें अफसरशाही को मुंह चिढ़ा रही हैं। दो दिन पहले आफत बनकर बरसी बरसात ने शहर की 38 किमी सड़कों को बुरी तरह उधेड़कर रख दिया है। सीवरेज और पाइप लाइन की खुदाई से लगभग 49 किलोमीटर सड़कें पहली ही जख्मी थीं इन्हें भरने के लिए दो माह में करीब 9 लाख से डाली गई मुरम पांच घंटे की बारिश में ही बह गई है।

इनके जल्द ठीक होने की उम्मीद भी नहीं है। नगर निगम अगस्त में निकाले गए 22 सड़कों के टेंडर ही नहीं कर पाया है क्योंकि सारे कम्प्यूटर ऑपरेटर व्यस्त चल रहे हैं इसलिए फाइनेंशियल बीड नहीं खुल पा रही है। निगम अफसरों की यह लेतलाली विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के अक्टूबर से सड़कों की दशा सुधारने के दावे की हवा निकाल सकती है। कलेक्टर के अनुसार टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। सभी एकसाथ पूरे कर लेंगे। बारिश रुकने पर ही काम शुरू हो पाएगा। निगम अफसरों को समय सीमा दे रखी है।

### ज्यादातर स्थानों का डामर बह गया, वाहन चलाने में परेशानी



यह बाजना बस स्टैंड से अमृत सागर बगीचा जाने वाले रोड, रविवार को एक फीट पानी भरा गया था जिससे अधिकांश जगह का डामर बह गया है। दुकानदार रमेश शर्मा ने बताया सीवरेज वालों ने भी सड़क खोदकर ठीक नहीं की थी।



मेहंदीकुई बालाजी के सामने रोड पर सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढे हो गए हैं। रहवासी मोहनलाल जैन के अनुसार सालों से पेचवर्क नहीं हुआ, बारिश ने हालत और खराब कर दी है।



यह हाल है पोरवाड़ों का वास से गुजरने वाली संकरी सड़क का। दुकानदार बिट्टू माहेश्वरी ने बताया कि सीवरेज ठेकेदार ने मैन होल बनाकर ऐसे ही छोड़ दिया है।

### ... इसलिए सड़कों की हालत खराब

**सीवरेज**

चार साल में 276 किमी से ज्यादा सड़कों की खुदाई करने वाले ठेकेदार कंपनी ने कुछ को छोड़ किसी सड़क की ठीक मरम्मत नहीं की। मैनहोल कही सड़कों से ऊपर निकल रहे हैं तो कहीं अंदर चले गए हैं, ये हादसे का कारण बन रहे हैं। कार्रवाई के बजाय निगम अफसर ठेकेदार की समय सीमा बढ़ा रहे।

**पाइप लाइन**

सीएम शहरी पेयजल योजना में 38 किमी पाइप लाइन बिछाने के लिए मनमाने तरीके से खुदाई हुई, लेकिन ठेकेदार ने ठीक तक नहीं किया क्योंकि शर्तों में ही नहीं था। निगम दो साल से दावा कर रहा है, लेकिन सड़कों की जस की तस है। योजना का काम भी अधूरा पड़ा है, पूरा नहीं हुआ।

**पेचवर्क**

इसके लिए निगम के पास कोई साधन नहीं है। बारिश में शिकायतों के बढ़ने पर दिखावे के लिए मुरम खरीदकर गड्ढों में डलवा दी जाती है। उसे रोड रोलर से दबाकर समतल नहीं किया जाता है। इससे मुरम बह जाती है। निगम ने पास रोलर तो है लेकिन चलाने वाला ड्राइवर नहीं हैं इसलिए काम नहीं आ रहा।

**निर्माण**

2017 में सीवरेज सिस्टम का काम शुरू होने के बाद कमिश्नर ने सड़कों के निर्माण रुकवाए थे। 2019 अंत में तत्कालीन कमिश्नर एसके सिंह ने काम चालू करवाने की कोशिश की थी। टेंडर होकर काम हो पाते इसके पहले लॉकडाउन लग गया।

### दो बार में 38 टेंडर निकाले, पहली बार की प्रक्रिया ही अधूरी

विधायक और कलेक्टर के पीछे पड़ने पर नगर निगम ने अगस्त में पहली बार 22 और दूसरी बार 16 सड़कों के टेंडर निकाले थे। इनमें से पहली बार की 22 सड़कों के ऑफर भी आ गए हैं। उनके तकनीकी और दस्तावेज लिफाफे भी खुल चुके हैं। बस अब सबसे जरूरी फाइनेंशियल बीड खुलना बाकी है। बताया जा रहा है कि इसके लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर नहीं मिल पा रहे हैं।

### ऐसे तो रोडमैप के अनुसार सड़क बनने में लग जाएंगे पांच साल

4 फरवरी को रतलाम आए मुख्यमंत्री के सामने नगर निगम ने पांच साल का रोडमैप पेश किया था। 166.78 किमी रोड नेटवर्क को सुधारने वाले रोडमैप को सीएम ने तत्काल ही मंजूरी दे दी। 126.53 करोड़ रुपए के प्लान पर काम शुरू नहीं हो पाया है। टेंडर प्रोसेस और कार्य की यही चाल रही तो रोडमैप प्रोजेक्ट को पूरा होने में पांच साल लग जाएंगे।

दे.भास्कर २२/९/२१

# ंभ हुई : मंगलवार को 17 आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देश कलेक्टर ने दिए



उपचार में काफी राशि खर्च होना है और हमारी स्थिति काफी दयनीय है, अतः उपचार हेतु आर्थिक सहायता स्वीकृत की जाए। प्रकरण निराकरण हेतु सी एम एच ओ को भेजा गया है।

पिपलौदा निवासी गीताबाई मालवीय ने आवेदन दिया कि प्रार्थियां द्वारा आधार कार्ड बनवाया गया था। प्रार्थिया को कृषि भूमि पर कोई शासकीय लाभ नहीं मिल रहा है और कहा जाता है कि आपका आधार कार्ड अपडेट करवाओ। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए कई बार आवेदन दिया गया, परन्तु आधार कार्ड आज दिनांक तक अपडेट नहीं हो पाया है। अतः आधार कार्ड अपडेट करवाया जाए। प्रकरण निराकरण हेतु प्रबंधक लोक सेवा को प्रेषित किया।

रतलाम निवासी नीता बोहरा पति स्व. अशोक बोहरा ने अपने आवेदन में बताया कि प्रार्थी के नाम से नई आबादी पिपलौदा के वार्ड नं. 15 में भूखण्ड क्रमांक 55 पर प्लाट स्थित है। प्रार्थी उक्त प्लाट पर मकान निर्माण करना चाहती है और इस हेतु तीन माह पूर्व मुख्य नगर परिषद् पिपलौदा को ऑन लाईन आवेदन किया गया था, परन्तु आज दिनांक तक उक्त प्लाट पर निर्माण करने की स्वीकृति नगर परिषद् द्वारा नहीं दी गई है। उक्त प्लाट पर भवन निर्माण की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

प्रकरण निराकरण हेतु नगर परिषद् पिपलौदा को भेजा गया है। वहीं ग्राम पंचेड निवासी बाबूलाल बागरी ने अपने आवेदन में कहा कि प्रार्थी ग्राम पंचेड में निवास करता है तथा उसका मकान क्षतिग्रस्त हो चुका है। प्रार्थी द्वारा प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजना में कुटीर हेतु आवेदन ग्राम पंचायत में दिया गया था, परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा उसके आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाकर कहा जा रहा है कि साइड अभी बंद है, जब खुलेगी तब देखा जाएगा। प्रार्थी की समस्या निराकरण हेतु संबंधित विभाग को भेजी गई है।

ताल तहसील के ग्राम पिपल्या तुखार निवासी धर्मेन्द्र पिता प्रहलादसिंह ने आवेदन में बताया कि प्रार्थी द्वारा पूर्व में एस बी आई शाखा से के सी सी लोन प्राप्त किया गया था और इस लोन की रकम कम्प्रोमाइज्ड स्कीम के तहत वर्ष 2021 में पूर्ण कर दी गई थी। अब मुझे अपने कृषि व्यवसाय हेतु लोन की आवश्यकता होने से जिस भी बैंक में जाता हूं तो कहा जाता है कि कम्प्रोमाइज्ड हटाकर लाओ, तभी लोन मिल सकेगा।

धर्मेन्द्र ने बताया कि यदि उसे बैंक द्वारा लोन नहीं दिया गया तो वह अपनी भूमि पर सही ढंग से खेती नहीं कर सकेगा। प्रकरण निराकरण हेतु संबंधित विभाग को भेजा गया।

प्रसारण

प्रसारण 22/9/21

# विभागीय कामकाज में ढीलेपन पर कलेक्टर नाराज

## समीक्षा बैठक : कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** कई विभागों की ढीली-ढाली कार्यप्रणाली पर सोमवार रात हुई समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, शिक्षा विभाग, ट्राइबल, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पीआइयू, जनपद पंचायत बाजना, सैलाना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर निगम रतलाम, डीपीसी को भी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया।

**कमियों पर कसावट व चेतावनी इस तरह**

**शिक्षा विभाग :** कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि आपके यहां से कर्मचारियों, शिक्षकों को पार्ट फाइनल या जीपीएफ राशि आहरण कराने में परेशानी क्यों आ रही है। आपको 4 माह पूर्व चेताया था, परंतु कार्य प्रणाली में सुधार नहीं हुआ है। अब एक भी शिकायत आती है तो शासन को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। इसी प्रकार जिला पेंशन अधिकारी को भी यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि अनावश्यक रूप से किसी भी कर्मचारी का प्रकरण लंबित नहीं रखा जाए।

**जिला अस्पताल :** बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल से शिकायत आई कि किसी व्यक्ति के टांके काटने से संबंधित डाक्टर द्वारा मना कर दिया गया। मेरे पास वह व्यक्ति आया तब उसका काम हुआ। यह बहुत दुखद और चिंतनीय है। पता चला कि टांके काटने के पैसे मांगे गए। कलेक्टर ने इस संबंध में सख्त एक्शन लेने के निर्देश डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन को दिए। साथ ही सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि जिला चिकित्सालय के संबंध में पुन: शिकायत नहीं आए, यह सुनिश्चित करें।

**उद्योग व उद्यानिकी विभाग :** एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन पर ध्यान दें। जिले में लहसुन तथा रतलामी नमकीन को एक जिला एक उत्पाद योजना में सम्मिलित किया गया है। बताया गया कि एक नवंबर को लहसुन तथा रतलामी नमकीन की पांच-पांच नवीन औद्योगिक इकाइयां आरंभ कर दी जाएगी।

**मनरेगा में काम :** बैठक में कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को निर्देश दिए कि सैलाना तथा बाजना के प्रत्येक आदिवासी परिवारों के खेतों में मनरेगा योजना से कम से कम एक कार्य किया जाए, जिससे उनका आर्थिक उत्थान हो, जीवन स्तर ऊंचा उठे। इसके लिए अति शीघ्र कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

**जल जीवन मिशन :** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के विभिन्न कार्यों में खराब गुणवत्ता पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते कार्यपालन यंत्री को कहा कि मिशन में कई कार्यों की गुणवत्ता खराब है, आपको अंतिम चेतावनी दी जा रही है। यदि सुधार नहीं किया गया तो सख्त एक्शन ली जाएगी, शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। मिशन के तहत गांव में खुदाई कार्य के पश्चात रिस्टोर क्यों नहीं किया जा रहा है जबकि यह शासन द्वारा निर्देशित है। संबंधित ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए अन्यथा प्रशासन एफआईआर दर्ज करवाएगा। सभी एसडीएम को भी जल जीवन मिशन के कार्यों को चेक करने के निर्देश दिए। इसी तरह की चेतावनी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के महाप्रबंधक को भी काम सुधारने के लिए दी गई।

**वनाधिकार हितग्राही :** बाजना तथा सैलाना क्षेत्रों के वनाधिकार अधिनियम से लाभान्वित आदिवासी हितग्राहियों की की एंट्री पोर्टल पर की जाना थी जो समय सीमा में बाजना तथा सैलाना जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा नहीं कराई गई। इस पर कलेक्टर ने दोनों अधिकारियों के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि यह गंभीर लापरवाही है।

**एसडीएम-तहसीलदार :** कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे सप्ताह में दो दिन अपने क्षेत्र का भ्रमण करें। आम आदमी की समस्याओं को सुलझाएं, उनकी कठिनाइयों का निराकरण करें। राजस्व विभाग में पिपलौदा से सबसे ज्यादा राजस्व संबंधी शिकायतें आती हैं। सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार यह ध्यान रखें कि शोकाज नोटिस देने के बाद उनके विरुद्ध दोबारा शिकायत आने पर विभागीय जांच स्थापित की जाएगी, ऐसी स्थिति में वे अपने प्रमोशन भूल जाएं।

**मनरेगा में भ्रष्टाचार न हो**

कलेक्टर ने जनपद पंचायतों को निर्देश दिए कि मनरेगा में भ्रष्टाचार नहीं हो, यह ताकीद पंचायत सचिवों को भी कर दी जाए। बुधवार को ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया जाएगा, जहां कमी या शिकायत पाई जाएगी तो सचिव, संबंधित इंजीनियर, रोजगार सहायक एवं जपं सीईओ को भी जिम्मेदार ठहराकर कार्रवाई की जाएगी।

नईदुनिया 22/9/21

नई.

सौगात : 141.54 करोड़ की योजना में बनाए हैं दो एसटीपी

# सीवरेज योजना व पलसोड़ा कर्मशाला का आज सीएम करेंगे ई-लोकार्पण

लाम (नईदुनिया प्रतिनिधि) । हर को गंदे पानी से मुक्त करने के लिए मृत योजनांतर्गत सीवरेज प्रोजेक्ट अमृत योजना के डीयूटीएफ फंड से लसोड़ा में निर्मित नवीन कर्मशाला । ई-लोकार्पण बुधवार को दोपहर 2 बजे मुख्यमंत्री शिवराजसिंह हान, नगरीय विकास व आवास भाग मंत्री भूपेंद्रसिंह, राज्यमंत्री पीएस भदौरिया भोपाल से तथा लाम में सांसद रतलाम गुमानसिंह मोर व विधायक रतलाम शहर चेतन्य श्यप की उपस्थिति में होगा।

मालूम हो कि इस योजना में शहर में 76 किमी लंबी सीवरेज लाइन डालने साथ ही अब तक 20000 हाउस नेक्शन दिए जा चुके हैं। खेतलपुर व रमदी में एसटीपी प्लांट का ट्रायल दो ह से चल रहा है। प्लांट से कुल 37.5 मएलडी पानी रोज साफ होगा। इसका पयोग पीने के अलावा बाकी सभी कामों हो सकेगा। खेतलपुर एसटीपी की मता 21.5 एमएलडी, जबकि करमदी सटपी की 16 एमएलडी है। ट्रीटमेंट के लिए प्लांट में एमसीसी बिल्डिंग, पंपिंग स्टेशन, सेफ्टी हाउस सहित अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया गया है। शहर से पानी यहां तक पहुंचाने के लिए पांच पंपिंग स्टेशन बनाए गए है। बरबड़, सैलाना रोड, विरियाखेड़ी, डोंगरानगर, सागोद रोड होकर खेतलपुर प्लांट तक व फव्वारा चौक, अजंता टाकीज और नगर निगम से पैलेस गेट रोड से करमदी ट्रेंचिंग ग्राउंड तक मुख्य लाइन डाली गई है।



ड्रोन कैमरे से लिया गया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का विहंगम दृश्य। • नईदुनिया

**खेतलपुर में मुख्य कार्यक्रम**

बुधवार को 12 बजे खेतलपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थल पर ई-लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## शहर में श्वानों के हमले से घायल हो रहे लोग

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा शहर में घूमने वाले श्वानों को पकड़ने का अभियान व वाहन सुविधा बंद करने से श्वानों की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे श्वान बच्चों-बड़ों सभी पर हमला कर रहे हैं। ऐसे श्वानों की नसबंदी कर नियंत्रण किया जा सकता है। यह सुझाव भाजपा दीनदयाल मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को दिया है। लिखित सुझाव में उदयपुर में चल रहे श्वान नसबंदी अभियान की तर्ज पर रतलाम में कार्रवाई की बात कही है।

नईदुनिया २२/९/२१

# जनसुनवाई में समस्याओं से अवगत कराया

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



मंगलवार कलेक्ट्रेट कार्यालय पर होने वाली जनसुनवाई में अहिंसा ग्राम रोड़ संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में समस्याओं को माननीय जिलाधीश महोदय को अवगत कराया।

समस्याओं की जानकारी देते हुए अहिंसा ग्राम रोड़ संघर्ष समिति के पदाधिकारी सुरेश मनसुखानी, प्रकाश व्यास ने बताया कि भक्तन की बावड़ी स्थित अंडर ब्रिज जो कि वर्तमान में आवागमन के लिए एक साइड से ही किया जाता है, जिससे कई बार दोनों तरफ जाम की स्थिति बनी रहती है, जंनसुनवाई के दौरान यह अनुरोध किया है कि पास वाले स्थान को भी आवागमन के लिए बना दिया जाए, जिससे आवागमन सरल एवं सुगम हो सकेगा। कई अवसरों पर शव यात्रा को भी भारी वाहन प्रवेश से रुकना पड़ता है। अतः पास वाले इस जगह को भी रोड़ बनाने की अपील की है। अंडर ब्रिज से लेकर मेन रोड़ तक भारी बरसात के कारण बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे डी मार्ट एवं कॉलोनी आने-जाने वाले शहरवासियों को दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

नगर निगम के ठेकेदार रितेश दवे सपत्नी डी मार्ट से लौटते समय स्कूटर से गिर गए, जिससे उन्हें मोंच आ आई। अतः तुरंत गड्ढे भरे जाए। मछली बाजार डी मार्ट से लेकर प्रताप नगर स्टेट रोड़ लाइट का काम लगभग पूर्ण हो चुका है, सिर्फ एलईडी लगाकर चालू करना है, जिससे रहवासियों एवं कॉलोनीवासियों को आवागमन में सुविधा हो सके। एक अन्य समस्या अंडर ब्रिज के बाहर हमेशा गंदगी रहती है, वहां दीवाल बना दी जाए तथा रोड़ के दोनों और अविकसित कॉलोनी को कॉलोनी नाइजर को नोटिस देकर हिदायत दी जाएगी। कॉलोनी की बाउंड्री वाल बनाएं, स्वच्छता रखें, विद्युत पोल पर लाइट लगा दें जैसे विकसित कॉलोनी में रहने वालों को कोई परेशानी ना हो, अनावश्यक गतिविधियां ना हो, बरसात का पानी, जानवर आदि से भी बचा जा सके।

प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप पुरोहित, आशीष अग्निहोत्री, पुष्पेंद, कबीर खान, बालचंद आदि उपस्थित थे।

प्रसारण

प्रसारण 22/9/21

# 4 दिन जिले के हर गांव में पहुंचेगा वैक्सीनेशन दल

## 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन की तैयारी में जुटा अमला

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले को 25 सितंबर 100% वैक्सीनेटेड करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। अब अगले 4 दिन जिले के हर गांव में वैक्सीनेशन दल पहुंचेंगे।

22 सितंबर से 4 दिनों तक प्रत्येक दिन 250 गांवों में 250 वैक्सीनेशन दल पहुंचेंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया जिले में 90% पात्र व्यक्तियों को पहला डोज लगाया जा चुका है। जिला प्रशासन का मानना है कि जिले से लगभग 3 से 4% लोग पलायन कर गए होंगे, लेकिन करीब 60 हजार लोगों का प्रथम डोज वैक्सीनेशन अभी होना है। अब घर जाकर टीके लगाएंगे।

### 17 स्थानों पर वैक्सीन

**कोविशील्ड** ▪ आंबेडकर सामुदायिक भवन, गांधीनगर ▪ रामकला सभागृह, लक्ष्मणपुरा ▪ बीमा अस्पताल, जवाहर नगर ▪ महर्षि दयानंद वेदिक विद्यालय, इंदिरा नगर ▪ गुरु रामदास स्कूल, विनोबा नगर ▪ गणेश नगर यूपीएचसी ▪ अलकापुरी कम्युनिटी हॉल ▪ प्रिंस पैलेस ▪ विधायक सभागृह ▪ रेड क्रॉस भवन ▪ बोधि स्कूल, डोंगरे नगर ▪ अंबे माता मंदिर ▪ काश्यप सभागृह सागोद रोड ▪ माहेश्वरी धर्मशाला, कसारा बाजार ▪ जिला अस्पताल

**को-वैक्सीन** ▪ घटला अस्पताल ▪ एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए)

दै. भास्कर 22/9/21

# शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए वार्डवार कैंप आज से

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हेतु विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। रतलाम शहर में 22 से 25 सितंबर तक प्रतिदिन वार्डवार वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे।

एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 22 सितंबर को वार्ड क्रमांक एक से 12 तक, 23 सितंबर को वार्ड क्रमांक 13 से 24 तक, 24 सितंबर को वार्ड क्रमांक 25 से 36 तक व 25 सितंबर को वार्ड क्रमांक 37 से 49 में विशेष वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे।

**आज यहां लगेंगे टीके:** बुधवार को आंबेडकर सामुदायिक भवन गांधीनगर, रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, बीमा अस्पताल जवाहर नगर, महर्षि दयानंद वैदिक विद्यालय इंदिरा नगर, गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, गणेश नगर पीएचसी, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास, विधायक सभागृह बरबड़ रोड, रेडक्रास भवन विरियाखेड़ी, बोधि स्कूल डोंगरे नगर, अंबे माता मंदिर टेलीफोन नगर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बार, जिला चिकित्सालय में वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके साथ ही घटला अस्पताल व एमसीएच में गर्भवती महिलाओं के लिए कोवैक्सीन प्रथम व सेकंड डोज लगाया जाएगा।

## छह माह बाद पहली जनसुनवाई, 17 आवेदन आए

रतलाम। कोरोना संक्रमण, लाकडाउन के कारण मार्च माह के बाद से बंद जनसुनवाई मंगलवार से फिर शुरू हुई। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने 17 आवेदनों की सुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को जारी किए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री सुरेश वर्मा उपस्थित थे। पिपलौदा निवासी गीताबाई मालवीय ने आवेदन दिया कि आधार कार्ड अपडेट नहीं होने से योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। कई बार आवेदन देने के बाद भी कार्ड अपडेट नहीं हो पाया है। प्रकरण निराकरण के लिए प्रबंधक लोक सेवा को प्रेषित किया गया। इसके अतिरिक्त भी कई आवेदन आए।

नईदुनिया 22/9/21

## संघर्ष समिति के पदाधिकरी पहुंचे जनसुनवाई, समस्याओं बताई



रतलाम। प्रति मंगलवार कलेक्ट्रेट कार्यालय पर होने वाली जनसुनवाई में अहिंसा ग्राम रोड संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में समस्याओं को माननीय जिलाधीश महोदय को अवगत कराया। समस्याओं की जानकारी देते हुए अहिंसा ग्राम रोड संघर्ष समिति के पदाधिकारी सुरेश मनसुखानी, प्रकाश व्यास ने बताया कि भक्तन की बावड़ी स्थित अंडर ब्रिज जो कि वर्तमान में आवागमन के लिए एक साइड से ही किया जाता है जिससे कई बार दोनों तरफ जाम की स्थिति बनी रहती है, जनसुनवाई के दौरान यह अनुरोध किया है कि पास वाले स्थान को भी आवागमन के लिए बना दिया जाए जिससे आवागमन सरल एवं सुगम हो सकेगा, कई अवसरों पर शव यात्रा को भी भारी वाहन प्रवेश से रुकना पड़ता है, अत: पास वाले इस जगह को भी रोड बनाने की अपील की है। अंडर ब्रिज से लेकर मेन रोड तक भारी बरसात के कारण बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं जिससे डी मार्ट एवं कॉलोनी आने जाने वाले शहर वासियों को दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है, नगर निगम के ठेकेदार रितेश दवे सपत्नी डी मार्ट से लौटते समय स्कूटर से गिर गए जिससे उन्हें मोच आ आई अत: तुरंत गड्ढे भरे जाए। मछली बाजार डी मार्ट से लेकर प्रतापनगर स्टेट रोड लाइट का काम लगभग पूर्ण हो चुका है सिर्फ एलईडी लगाकर चालू करना है जिससे रहवासियों एवं कॉलोनी वासियों को आवागमन में सुविधा हो सके, एक अन्य समस्या अंडर ब्रिज के बाहर हमेशा गंदगी रहती है वह दीवाल बना दी जाए, तथा रोड के दोनों और अविकसित कॉलोनी को कॉलोनी नाइजर को नोटिस देकर हिदायत दी जाएगी कॉलोनी की बाउंड्री वाल बनाएं, स्वच्छता रखें, विद्युत पोल पर लाइट दे जैसे विकसित कॉलोनी में रहने वालों को कोई परेशानी ना हो अनावश्यक गतिविधियां ना हो बरसात का पानी, जानवर आदि से भी बचा जा सके। प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप पुरोहित, आशीष अग्निहोत्री, पुष्पेंद्र, कबीर खान, बालचंद आदि उपस्थित थे। नवभारत

नवभारत 22/9/21

## जनसुनवाई आज से शुरू

रतलाम, नप्र। रतलाम में आज से जनसुनवाई शुरू हो गई। राज्य शासन ने परिपत्र जारी कर प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए थे कि मंगलवार 21 सितम्बर से पूर्व की भांति जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू किया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव की ओर से जारी आदेश में जनसुनवाई में कोविड प्रोटोकाल का पालन तय करने को भी कहा गया।

इस संदभ में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कल ही समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर निगम आयुक्त भी मौजूद रहेंगे। उनके अलावा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, राजस्व, ग्रामीण विकास, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्यए खाद्य एवं आपूर्ति, कृषि, सहकारिता आदि विभागों के अधिकारी भी जिला स्तरीय जनसुनवाई में मौजूद रहेंगे। प्रभा. २१

प्रभातकिरण 21/9/21

# सुराज का मतलब है बिना लिए-दिए और बिना विलंब के लोगों के काम हो : मुख्यमंत्री श्री चौहान

## निर्माण-कार्यों में गुणवत्ता आवश्यक, घटिया काम बर्दाश्त नहीं होगा

रतलाम › मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण का सामना करना अब तक राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता थी। प्रशासनिक अधिकारियों, जन-प्रतिनिधियों और जनता के सहयोग से हम प्रदेश में कोरोना को नियंत्रित करने में सफल हुए हैं। इसके लिए समस्त प्रशासनिक अमला बधाई का पात्र है। प्रदेश को सुराज के मॉडल के रूप में स्थापित करना है। कोरोना के नियंत्रित होने के बाद अब विकास, जन-कल्याण और समय-सीमा में निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए हमें एक बार फिर फुल फॉर्म में आना है। सुराज का मतलब है बिना लिए-दिए और बिना विलंब के लोगों के काम होना। सुराज का मतलब है विकास के काम गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो, घटिया काम बर्दाश्त नहीं होगा। प्रदेश में जनदर्शन आरंभ हो गया है और अब औचक निरीक्षण भी मैं शीघ्र आरंभ करूंगा। भ्रष्टाचार पर हमारी जीरो टॉलरेंस नीति होगी। गड़बड़ करने वालों पर कठोरतम कार्यवाही होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय से कलेक्टर-कमिश्नर्स को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर रतलाम एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, डीआईजी श्री सुशांत सक्सेना, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य तथा अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्रालय में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कान्फ्रेंस में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री विनोद कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव जनसंपर्क एवं संस्कृति श्री शिवशेखर शुक्ला, पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी उपस्थित रहे। सभी कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित सभी जिला पंचायतों के सीईओ और सभी कमिश्नर नगर निगम बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

### 1 से 15 नवंबर तक राजस्व अभिलेखों के शुद्धिकरण का अभियान

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि जिलों में बड़े कार्यों की मॉनीटरिंग कलेक्टर स्वयं करें। अटल एक्सप्रेस-वे का नाम अब अटल प्रगति-वे होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में दिनाँक 1 से 15 नवंबर तक राजस्व अभिलेखों के शुद्धिकरण का अभियान चलाया जाएगा। राजस्व रिकॉर्ड में जितनी भी पेंडेंसी है, उसको समाप्त किया जाएगा। प्रदेश में 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस है, भगवान बिरसा मुंडा के जन्म-दिवस पर राजस्व शुद्धिकरण अभियान पूर्ण होगा।

### जन-भागीदारी मॉडल को शासन संचालन के अन्य क्षेत्रों में भी क्रियान्वित किया जाएगा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वैक्सीनेशन का पहला डोज प्रदेश की 80 प्रतिशत पात्र जनसंख्या को लग चुका है, यह देश में बड़ी उपलब्धि है। जनता को जोड़कर हम कोविड-19 पर नियंत्रण कर पाए। वैक्सीनेशन का यह बड़ा लक्ष्य भी जन-भागीदारी से ही प्राप्त हुआ है। जन-भागीदारी के मॉडल को अन्य क्षेत्रों में भी क्रियान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ग्वालियर-चंबल संभाग में बाढ़ से निपटने में प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही और राहत कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में डेंगू का प्रभाव बढ़ रहा है। भारत सरकार द्वारा गाइडलाइन जारी की गई है। ब्लड प्लेटलेट्स कम होने से जीवन को खतरे की संभावना बनती है। हम बीमारी को फैलने नहीं देंगे। प्रशासनिक अमला, जन-प्रतिनिधियों और जनता को साथ लेकर प्रत्येक स्तर पर एन्टी लार्वा गतिविधियाँ चलाई जाएंगी।

### वॉटसऐप पुलिसिंग नहीं चलेगी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही जारी रखें। अवैध शराब और नशीले पदार्थों पर नियंत्रण के लिए ग्राम स्तर तक इंटेलीजेंस नेटवर्क को सशक्त करें। पुलिस के अधिकारी क्षेत्र के दौरे और थानों के निरीक्षण सुनिश्चित करें। थानों पर शांति समिति की बैठकें और सामुदायिक पुलिसिंग की अवधारणा का क्रियान्वयन अनिवार्यतः हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वॉटसएप पुलिसिंग नहीं चलेगी। दुष्टों के लिए वज्र सा कठोर और भले व्यक्ति के लिए फूल सा कोमल व्यवहार आवश्यक है। हमारा लक्ष्य जनता को राहत देना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राशन की कालाबाजारी को शून्य करना, मिलावट को रोकना और चिटफंड कम्पनियों पर नियंत्रण भी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति और कमजोर तबके पर अत्याचार के संबंध में सजग रहने की आवश्यकता है।

स्वदेश २२/९/२१

# 20500 घरों का गंदा पानी हो रहा साफ, सीवरेज सिस्टम का सीएम आज करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर के 20500 घरों का गंदा पानी साफ होना शुरू हो गया है। यह संभव हो पाया है सीवरेज सिस्टम में बनाए गए खेतलपुर और करमदी रोड सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की बदौलत। 22 सितंबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सीवरेज सिस्टम का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। लगभग 23850 हजार हाउस कनेक्शन का काम चल रहा है। इनके पूरा होते ही एसटीपी पूरी क्षमता से काम करना शुरू कर देंगे। इनसे ट्रीटमेंट किया हुआ पानी निगम के बगीचों, रेलवे और उद्योग को उपयोग (पीने के अलावा) करने के लिए दिया जाएगा।

अमृत योजना में 141 करोड़ से बनाए गए सीवरेज सिस्टम का लोकार्पण खेतलपुर एसटीपी परिसर में होगा। यहां होने वाले कार्यक्रम में अमृत योजना के डीयूटीएफ फंड से पलसोड़ा में 50 लाख से बनी नगर निगम की नई कर्मशाला परिसर का भी सीएम लोकार्पण करेंगे। दोपहर 12 बजे से होने वाले कार्यक्रम में विकास एवं आवास विभाग मंत्री भूपेंद्र सिंह, नगरीय विकास एवं आवास विभाग राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया, सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में होगा।

## कितना काम हो चुका

- 282 किमी में से 276 किमी सीवरेज लाइन डल चुकी।
- 11500 में से 11200 हाउस चैंबर बन गए।
- 43350 में से अब 20500 मकानों के कनेक्शन हो चुके, 22850 बाकी।
- 1100 सरप्लस मेन हॉल सरप्लस बन चुके, 5052 बनाने थे लेकिन अब तक 6152 बन चुके।

## ये काम भी बाकी

- फव्वारा चौक से महू रोड बस स्टैंड तक, जूनियर इंस्टिट्यूट के सामने से गोमदड़े की पुलिया तक, डोसीगांव पंपिंग स्टेशन तक की लाइन डलना।
- पंपिंग स्टेशनों के बिजली कनेक्शन
- चार स्थानों पर लाइनों के जोड़।
- मुख्य शहर में 600 से ज्यादा गलियां (बैक लाइन) से होकर हाउस कनेक्शन।

भास्कर

दै. भास्कर २२/९/२१

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को न्यायालय का झटका

मनमर्जी का निर्माण

द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला

# द्वारका की अवैध राह बचाने दायर याचिका खारिज

मप्र हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने जितेन्द्र नागल की याचिका को अस्वीकार किया

अब कलेक्टर के निगम को अवै

शहर के सैलाना रोड पर चेतक ब्रिज के पास द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण की उस याचिका को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने ख व नगर निगम द्वारा लगाए गए लोहे के एंगल को हटाकर रास्ता खोलने की मा अवैध कब्जा करने वालों को कोर्ट ने याचिका खारिज कर झटका दिया है। के हाथ में चला गया है। जानकारों की माने तो अब बिल्डर को अपना अवैध

शहर की पॉश मल्टी का दावा कर खड़ी की गई द्वारका रेसीडेंसी के बिल्डर ने 15 हजार वर्गफीट सरकारी भूमि पर कब्जा करते हुए अवैध निर्माण किया था। इस निर्माण के मामले में शिकायत के बाद कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम ने जांच कमेटी का गठन किया था।

जांच कमेटी ने जो रिपार्ट दी थी उसमें इस बात का साफ तौर पर उल्लेख था कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके मल्टी तक पहुंचने की सड़क बना दी गई है। इसके बाद नजूल व नगर निगम के दल को इस अवैध निर्माण को तोड़ने के आदेश कलेक्टर ने दिए थे, लेकिन इसी दौरान मामला न्यायालय के समक्ष जाने के कारण नगर निगम का दल अवैध निर्माण तोड़ने के बजाए बाउंड्रीवाल की सीमा रेखा खड़ी कर आ गया था। मामले में बिल्डर की ओर से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिका दायर कर बनाई गई रोड से आवाजाही बहाल रखने की मांग की थी, लेकिन हाईकोर्ट ने बिल्डर की याचिका को खारिज कर झटका दे दिया है।

## हाईकोर्ट: प्रथम दृष्टया मामला सुनवाई योग्य नहीं

द्वारका रेसीडेंसी की तरफ से अभिभाषक विवेक पटवा व देवाशीश दुबे ने याचिका मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में लगाई। इसमे संविधान की धारा 226 का हवाला देते हुए बताया कि रास्ता बंद किए जाने से आमजन को नुकसान है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर हुई इस रीट याचिका में प्रशासन की कार्रवाई को गलत बताया गया। इसमें कार्रवाई के अधिकार को भी चुनौती दी गई। इसके अलावा जो एंगल लगाए गए उस हटाने का कहा गया। न्यायाधीश रोहित आर्य ने इस याचिका को प्रथम दृष्टया सुनवाई के योग्य ही नहीं माना है।

## प्रशासन: अब कार्रवाई के लिए दावा हुआ मजबूत

पूरे मामले में उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ से याचिका निरस्त होने के बाद अब द्वारका रेसीडेंसी का पूरा मामला फिर से कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम व नगर निगम प्रशासक के पास चला गया है। कानूनी जानकारों की माने तो अब इस मामले में प्रशासनिक जांच और उनका पक्ष काफी मजबूत हो गया है। प्रशासन की ओर से जो तर्क दिए गए है, वे न्यायालय की नजर में याचिका को सुनवाई योग्य नहीं मानने के लिए पर्याप्त थे। नगर निगम को प्रशासन की ओर से जारी सरकारी भूमि पर किए अवैध निर्माण हटाने का आदेश अमल में लाना होगा।

## बिल्डर: अब फिर कलेक्टर के समक्ष

मामले में द्वारका रेसीडेंसी के प्रमुख बिल्डर जितेन्द्र नागल ने अभिभाषकों के माध्यम से हाईकोर्ट के समक्ष प्रशासन की कार्रवाई को कटघरे में खड़ा किया और अवैध कब्जा बताई जा रही जगह बंद किए जाने पर आम लोगों को नुकसान का तर्क दिया हालांकि यह तर्क खास प्रभाव न डाल पाए। हाईकोर्ट से मामले को





सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पत्रिका में स

पत्रिका 22/9/21

# जनसुनवाई प्रारंभ हुई : मंगलवार को 17 आवेदनों के निराकरण के लिए निर्देश कले

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रारंभ हुई। जनसुनवाई मे कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने 17 आवेदनों की सुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को जारी किए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एम. एल. आर्य, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षण यंत्री सुरेश वर्मा उपस्थित थे।

जनसुनवाई में आवेदक संतोष निवासी ओसवाल नगर ने आवेदन दिया कि प्रार्थी के चचेरे भाई संदीप प्रजापत के कान का उपचार पूर्व में एक निजी अस्पताल में करवाया गया था तथा चिकित्सकों द्वारा उसके आपरेशन की सलाह दी गई है। संदीप के उपचार में काफी राशि खर्च होना है और हमारी स्थिति काफी दयनीय है, अतः उपचार हेतु आर्थिक सहायता स्वीकृत की जाए। प्रकरण निराकरण हेतु सी एम एच ओ को भेजा गया है।

पिपलौदा निवासी गीताबाई मालवीय ने आवेदन दिया कि प्रार्थियां द्वारा आधार कार्ड बनवाया गया था। प्रार्थिया को कृषि भूमि पर कोई शासकीय लाभ नहीं मिल रहा है और कहा जाता है कि आपका आधार कार्ड अपडेट करवाओ। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए कई बार आवेदन दिया गया, परन्तु आधार कार्ड आज दिनांक तक अपडेट नहीं हो पाया है। अतः आधार कार्ड अपडेट करवाया जाए। प्रकरण निराकरण हेतु प्रबंधक लोक सेवा को प्रेषित किया।

रतलाम निवासी नीता बोहरा पति स्व. अशोक बोहरा ने अपने आवेदन में बताया कि प्रार्थी के नाम



से नई आबादी पिपलौदा के वार्ड नं. 15 में भूखण्ड क्रमांक 55 पर प्लाट स्थित है। प्रार्थी उक्त प्लाट पर मकान निर्माण करना चाहती है और इस हेतु तीन माह पूर्व मुख्य नगर परिषद् पिपलौदा को ऑन लाईन आवेदन किया गया था, परन्तु आज दिनांक तक उक्त प्लाट पर निर्माण करने की स्वीकृति नगर परिषद् द्वारा नहीं दी गई है। उक्त प्लाट पर भवन निर्माण की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

प्रकरण निराकरण हेतु नगर परिषद् पिपलौदा को भेजा गया है। वहीं ग्राम पंचेड निवासी बाबूलाल बागरी ने अपने आवेदन में कहा कि प्रार्थी ग्राम पंचेड में निवास करता है तथा उसका मकान क्षतिग्रस्त हो चुका है। प्रार्थी द्वारा प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजना में कुटीर हेतु आवेदन ग्राम पंचायत में दिया गया था, परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा उसके आवेदन पर कोई विचार नहीं किया

प्रसारण

प्रसारण 22/9/21

# आवारा श्वानों के आतंक से लोग भयभीत

रतलाम ● भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी ने निगमायुक्त से मांग की है कि रतलाम के विभिन्न इलाकों में श्वानों के आतंक से लोग परेशान है। आए दिन श्वानों की काटने की घटना हो रही है। निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित किए जाने के बाद भी श्वानों को पकड़ने की मुहिम नहीं चलाई जा रही है। श्री सोनी ने बताया कि पिछले दिनों उनके मित्र की गुड़िया को एक घर से दूसरे घर जाते समय रास्ते में आवारा श्वानों द्वारा घेर लिया गया तथा बुरी तरह से काटा। जिसकी शिकायत व सूचना पंकज जैन द्वारा कमिश्नर को की गई, लेकिन 10 दिनों के पश्चात तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। लगता है निगम प्रशासन आवारा कुत्तों द्वारा किसी की जान जाने का इंतजार कर रहा है।

स्वदेश । 22/9/21

# डेंगू के 11 नए पॉजिटिव : सिर्फ 20 दिन में 114.75% बढ़े मरीज

## 20 हजार से कम काउंट वालों को दे रहें प्लेटलेट्स, रतलाम जिले में अब तक 337 डेंगू के मरीज सामने आए

भास्कर संवाददाता | रतलाम



हमारे जिले में डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे है। मंगलवार को 71 लोगों की एलाइजा से जांच की गई थी, जिसमें 11 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसी के साथ जिले में 337 डेंगू के पॉजिटिव केस सामने आ चुके हैं।

डेंगू के मामलों ने सितंबर के महीने में रफ्तार पकड़ी है। अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि मानव सेवा समिति ब्लड बैंक से ऐसे लोगों को प्लेटलेट्स दिए जा रहे हैं जिनका काउंट 20 हजार से कम है। इसके बावजूद सिर्फ 20 दिन में ही 114.75% ज्यादा मरीजों को प्लेटलेट्स दिए जा चुके हैं।

### अलग-अलग समय पर सेवा दे रहे सदस्य

इधर जिला अस्पताल में ब्लड सेपरेशन यूनिट शुरू नहीं हुई है। ऐसे में सभी लोग मानव सेवा समिति से ही प्लेटलेट्स ले रहे हैं। अध्यक्ष मोहन मुरलीवाला ने बताया कि कई लोग ऐसे भी आ रहे हैं जिनके पास डोनर नहीं रहता है संस्थापक ज्ञानमल सिंगावत, पूर्व अध्यक्ष सुरेशचंद्र अग्रवाल, विवेक बक्षी उपाध्यक्ष, अनिल पिपाड़ा उपाध्यक्ष, गोविंद काकानी, राजेश सोमानी, सुरेंद्र सुरेका, जींदास लुनिया सुबह से लेकर देर रात तक जुटे हैं।

### नामली : 130 घरों की जांच हुई, 23 में मिला लार्वा... 5 को बुखार

नामली | नामली में मंगलवार को सर्वे किया गया। नगर परिषद, स्वास्थ्य विभाग व आशा कार्यकर्ताओं की टीम ने सामूहिक अभियान चलाया। ब्लॉक मलेरिया सुपरवाइजर प्रवीण गामड़ ने बताया टीम के साथ घरों में लार्वा की खोज की। वहीं, बुखार रोगियों के बारे में तलाश की। 130 घरों की जांच की गई, जिसमें 23 घरों में लार्वा पाया गया। 5 बुखार के मरीज मिले, इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को दे दी है। लोगों को घरों में पानी एकत्रित नहीं करने की सलाह दी।



**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों में बहस :** पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश भरावा जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ड नं 14 में पहुचे। यहां नगर परिषद के अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग व मलेरिया विभाग के कर्मचारियों से बहस हुई। भरावा ने तहसीलदार रमेश मौसेरे को नगरपरिषद की लापरवाही के बारे में बताया। नगर परिषद के कर्मचारी पैदल चलने की बजाय बाइक पर तेज गति से फोगिंग मशीन से धुआं कर रहे हैं। कई वार्ड में दवा का छिड़काव नहीं हुआ है।

दै.भास्कर 22/9/21

# कई महिनों बाद शुरू हुई जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत हुए 17 प्रकरण

## भक्तन की बावड़ी अंडरब्रिज की समस्या भी रखी गई जनसुनवाई में

तलाम ● स्वदेश समाचार

नहिनों बाद जनसुनवाई कार्यक्रम इस ंगलवार से पुन: प्रारंभ हुआ। कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आज सुनवाई के तहत नागरिकों से आवेदन लिए तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। जनसुनवाई का यह कार्यक्रम वर्तमान कलेक्टर के लिए पहला था, जिन्होंने विभिन्न समस्याओं से प्रभावित लोगों से आवेदन लिए, जिनकी संख्या 17 रही।

सैलाना के भरत लाल चौधरी ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग से एमपीडब्ल्यू के पद से रिटायर है परंतु उनके क्लैम नहीं मिल पाए हैं । इस पर कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमएचओ को निर्देशित किया कि भरत लाल के समस्त



क्लैम शीघ्र दिलवाने के लिए प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाए । इस प्रकरण की कलेक्टर प्रत्येक सोमवार समय सीमा बैठक में भी समीक्षा करेंगे।

**बरसात के कारण बड़े-बड़े गड्ढे बन गए-** अहिंसा ग्राम रोड संघर्ष समिति के पदाधिकारी सुरेश मनसुखानी, प्रकाश व्यास ने जनसुनवाई में जिलाधीश को बताया कि भक्तन की बावड़ी स्थित अंडर ब्रिज जो कि वर्तमान में आवागमन के लिए एक साइड से ही चालू है ,जिससे कई बार जाम की स्थिति बनी रहती है। जनसुनवाई के दौरान यह अनुरोध किया है कि पास वाले स्थान को भी आवागमन के लिए प्रारंभ कर दिया जाए जिससे आवागमन सरल एवं सुगम हो सके। कई अवसरों पर शव यात्रा को भी भारी वाहन प्रवेश से रूकना पड़ता है। अंडर ब्रिज से लेकर मेन रोड तक भारी बरसात के कारण बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं जिससे आने-जाने वाले शहरवासियों को दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। स्वदेश।

स्वदेश २२/९/२१

जनसुनवाई

# पहले दिन 17 केस निपटाए, सारे अफसरों को रहना होगा मौजूद

## महामारी के कारण डेढ़ साल बाद शुरू हुई, कलेक्टर की सख्ती

भास्कर संवाददाता | रतलाम

महामारी के कारण लगभग डेढ़ साल बाद शुरू हुई जनसुनवाई में मंगलवार को सारे आला अधिकारी बैठे दिखाई दिए। इसके पीछे कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की सख्ती बताई जा रही है।

उन्होंने सारे अधिकारियों को अनिवार्य रूप से जनसुनवाई में मौजूद रहने के आदेश दिए हैं। नहीं आने पर कार्रवाई भी की जाएगी। यही वजह रही कि मंगलवार को कलेक्टर के साथ जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया, विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण सुरेश वर्मा सहित अन्य विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे।

हालांकि मंगलवार को सुबह 11 से 12 बजे तक ही सुनवाई की गई। इसमें सिर्फ 17 आवेदन आए, जिनका कलेक्टर ने निपटारा किया। पहले जनसुनवाई सुबह 11 बजे से एक बजे तक होती थी।

### हर शिकायत में सरकारी तंत्र की कमजोरी

- पिपलौदा निवासी गीताबाई मालवीय को आधार कार्ड अपडेट नहीं होने से कृषि भूमि पर सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए कई बार आवेदन दिया गया परंतु अपडेट नहीं हो पाया। कलेक्टर ने प्रकरण लोक सेवा गारंटी प्रबंधक को भेजा।

- रतलाम निवासी नीता बोहरा को पिपलौदा में मकान बनाने के लिए परमिशन नहीं मिल पा रही। उनका पिपलौदा के वार्ड 15 में प्लाट नंबर 55 है। तीन माह पहले मुख्य नगर परिषद् पिपलौदा को ऑनलाइन आवेदन किया था। कलेक्टर ने प्रकरण नगर परिषद पिपलौदा को भेज दिया है।

- पंचेड निवासी बाबूलाल बागरी का मकान जर्जर हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजना में कुटीर के लिए ग्राम पंचायत में आवेदन दिया था। उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। पूछने पर कहा जाता बेवसाइड बंद है, खुलेगी तब देखा जाएगा। कलेक्टर ने विभाग को भेजकर यथासंभव कार्रवाई के लिए लिखा।

दै. भास्कर 22/9/21

**अव्यवस्था** • 1 सितंबर से मिडिल स्कूल खुले व 20 से प्राइमरी स्कूल भी खुल गए लेकिन मध्यान्ह भोजन नहीं मिल रह

# 'मामाजी स्कूल तो खुल गए, मध्यान्ह भोजन कब मिलेगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना के बाद अब कक्षा 1 से 12 तक के स्कूल खुल गए हैं लेकिन मध्यान्ह भोजन का वितरण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इससे स्कूलों में बच्चों को भूखा रहकर पढ़ाई करना मजबूरी बन गया है। इधर, जिम्मेदारों का कहना है कि मध्यान्ह भोजन वितरण के कोई आदेश नहीं मिले हैं। इससे वितरण नहीं किया जा रहा है। शासन से जैसे ही आदेश मिलेंगे तो इसका वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

मिडिल स्कूल के बाद सोमवार से प्राइमरी स्कूल भी खुल गए हैं लेकिन मध्यान्ह भोजन वितरण की ना तो स्कूल शिक्षा विभाग को चिंता है और ना ही सीएम को। इससे स्कूल खुलने के बाद भी बच्चों को क्लास रूम में भूखे रहकर ही पढ़ाई करना पड़ रही है। पहले मिडिल स्कूल खुले थे तब दावा किया था कि बच्चों की उपस्थिति 50 फीसदी हो जाएगी तो मध्यान्ह भोजन का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। अब तो प्राइमरी स्कूल भी खुल गए हैं और बच्चों की उपस्थिति भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। बावजूद अब तक मध्यान्ह भोजन को लेकर फैसला नहीं हो पाया है। इससे बच्चों को भूखा ही रहना पड़ रहा है। पूरे जिले के स्कूलों की यही स्थिति है।

## समाजसेवी संस्था ने बांटा नाश्ता, इधर जिम्मेदार बोले-शासन से भोजन देने के आदेश नहीं मि

करमदी के प्राथमिक स्कूल में मध्यान्ह भोजन नहीं बटने की जानकारी जब समाजसेवी संस्था करमदी विकास समिति को मिली तो समिति के पदाधिकारी स्कूल पहुंचे और बच्चों को नाश्ता का वितरण किया। इस मौके पर विकास समिति के जितेंद्र राव, प्रहलाद पाटीदार, दशरथ मईड़ा सहित पदाधिकारी मौजूद थे। समिति के जितेंद्र राव ने बताया शासन ने स्कूल तो शुरू कर दिए हैं लेकिन मध्यान्ह भोजन का वितरण अब तक शुरू नहीं किया है। ऐसे में बच्चों को भूखे ही पढ़ाई करना पड़ रही है। जब स्कूल खुल गए हैं तो फिर मध्यान्ह भोजन भी वितरण किया जाना चाहिए ताकि बच्चे भूखे ना रहे। मामाजी ने स्कूल तो खोल दिए हैं। लेकिन मध्यान्ह भोजन बांटना अब तक शुरू नहीं किया। मामाजी बच्चों से पूछ रहे हैं कि आखिर बच्चों को भोजन का वितरण कब से शुरू करेंगे।



मध्यान्ह भोजन नहीं मिलने पर समाजसेवी बच्चों को नाश्ता करवा रहे है करमदी में नाश्ते का वितरण करते हुए।

### मध्यान्ह भोजन वितरण को लेकर शासन के आदेश नहीं है

बीईओ एमएल डामर ने बताया मध्यान्ह भोजन को लेकर शासन से कोई आदेश नहीं मिले हैं। इससे बच्चों को स्वयं सहायता समूह के जरिए सूखा राशन गेहूं, चावल का वितरण किया जा रहा है। जैसे ही शासन से मध्यान्ह भोजन वितरण के आदेश मिलेंगे मध्यान्ह भोजन का वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

दै. भास्कर 22/9/21

क्योंकि सुधार की नहीं हो रही समीक्षा

# शहर के 49 में से 37 वार्डों में है अंधेरा






**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com


**रतलाम.** शहर के 49 में से 37 वार्डों में एलइडी खराब होने के चलते अंधेरे का साम्राज्य है। इसकी एक बड़ी वजह नगर निगम के जवाबदेह अधिकारी इसकी समीक्षा नहीं कर रहे है कि प्रतिदिन कितनी शिकायत आ रही है व कितनों का सुधार हो रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रकाश विभाग के प्रभारी उपयंत्री एमके जैन को प्रतिदिन शाम को 6 बजे से रात 9.30 बजे तक शहर में गलियों से लेकर चौराहों तक भ्रमण करने को कहा है।

बता दे कि शहर में 13948 एलइडी है। इनमे से सोमवार तक जहां 1000 एलइडी खराब थी व इनमे से 242 में सुधार किया गया। मंगलवार को इन सुधार के बीच फिर से मंगलवार को 143 नई शिकायत आ गई। ऐसे में एक नोडल अधिकारी सय्यद अली एहमद इसको सुधारने के लिए काम तो कर रहे है, लेकिन इनको बड़ी समस्या सुधार कार्य के लिए जो कर्मचारी की संख्या है उसकी कमी सामने आ रही है। प्रकाश विभाग में कम से कम शहर के क्षेत्रफल व लगातार हो रहे विस्तार के सहित पोल की संख्या अनुसार 200 अतिरिक्त कर्मचारियों की मंजूरी होना चाहिए। इसके बजाए सीमित संख्या के कर्मचारी ही काम कर रहे है।

## इससे हो रही परेशानी

शहर में हुए सीवरेज काम के दौरान जगह जगह गड्डे हो गए। इसके अलावा कभी पेयजल सुधार तो कभी अन्य कार्यों के चलते गलियों से लेकर मुख्य सड़क को खोद दिया जाता है। ऐसे में एलइडी के वजह से हो रहा अंधेरा शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। ऐसे में शहर में बढ़ रहे कुत्ते भी भय का कारण बन रहे है। इतना ही नहीं, मवेशी पकड़ने की मुहिम भी कमजोर हो गई है। ऐसे में आमजन को समस्या हो रही है। शहर में वार्ड नंबर एक की बात करें या वार्ड नंबर तीन जो सबसे बड़ा वार्ड है, इन क्षेत्रों में शाम होते ही खराब एलइडी परेशानी का कारण बन रही है।

## हम तो निकलते नहीं



हमारे गांधीनगर क्षेत्र में शाम के बाद अंधेरा हो जाता है। क्योंकि एलइडी तीन माह से खराब है व शिकायत के बाद भी समाधान नहीं हो रहा है। इसलिए अब हमने घर से निकलना बंद कर दिया है। बड़े बड़े गड्डे व कुत्तों की संख्या है।- **सुमित यादव,** रहवासी, गांधीनगर वार्ड नंबर एक

पत्रिका २२/९/२१

# 11 नए मरीज, अस्पतालों में बेड के लिए मशक्कत

## लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामले, मेडिकल कालेज में एंटीजन पॉजिटिव की संख्या 185 हुइ

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में डेंगू बुखार के मरीजों की संख्या अब भी तेजी से बढ़ रही है। कीटनाशक छिड़काव, जागरुकता अभियान से नियंत्रण के दावे फेल हो रहे हैं। हालात यह है कि जिला अस्पताल, बाल चिकित्सालय सहित निजी अस्पतालों में बेड के लिए मशक्कत शुरू हो गई है। मरीजों को जमीन पर लेटाकर भी उपचार देना पड़ रहा है।

मंगलवार को भी जिला अस्पताल लैब से 71 एलाइजा जांच रिपोर्ट में 11 नए मरीजों में डेंगू की पुष्टि की गई। वहीं मेडिकल कालेज के डेंगू वार्ड में एंटीजन पाजिटिव 185 मरीज भर्ती हैं। मेडिकल कालेज में अब सीधे मरीज पहुंच रहे हैं और जिला अस्पताल से भी रेफर किए जा रहे हैं। जिले में अब तक एलाइजा जांच से 377 डेंगू के मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। किट जांच का आकड़ा भी तेजी से बढ़ते हुए 700 के आसपास पहुंच गया है। इनमें जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में उपचार लेने वाले शामिल हैं। निजी अस्पतालों का आंकड़ा भी मंगलवार को 25 से अधिक था। बीमारों के प्लेटलेट्स तेजी से कम हो रहे हैं। सामाजिक संस्था मानव सेवा समिति के ब्लड बैंक से प्लेटलेट्स के लिए लंबी कतार लग रही है। मंगलवार शाम तक 60 लोगों ने प्लेटलेट्स लिया। मानव सेवा समिति तो बिना किसी शुल्क के प्लेटलेट्स उपलब्ध करा रही है, पर कई निजी अस्पताल प्लेटलेट्स चढ़ाने का शुल्क 800 रुपये तक ले रहे हैं।

### नामली-रावटी में सर्वे

शहर में डेंगू का सर्वे मंगलवार को भी चलता रहा और फागिंग भी हुई। नामली और रावटी में भी दूसरे दिन सर्वे चलता रहा। यहां मौसमी बुखार के मरीज मिले और अधिकांश घरों में लार्वा मिल रहा है, जिसे नष्ट कराने के साथ लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मलेरिया अधिकारी डा.प्रमोद प्रजापति ने बताया कि पाजिटिविटी कम हुई है, लेकिन मरीज तो अभी निकल रहे हैं। मौसम अभी ऐसा की डेंगू का लार्वा पनप रहा है और मच्छर पैदा हो रहे हैं।

### वार्ड में मरीज को रखने की बात पर मारपीट की शिकायत

रतलाम। मेडिकल कालेज में सोमवार रात मरीज भर्ती करने को लेकर डाक्टर और मरीज के स्वजनों के बीच विवाद हो गया। मंगलवार सुबह इस मामले को लेकर पुलिस में डाक्टर पर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई और दिनभर मामला चर्चा में रहा।

आनंद बैरागी निवासी सैलाना औद्योगिक थाने में लिखित शिकाय करते हुए उनकी मां मेडिकल कालेज चार दिन से उपचार के लिए भर्ती है। मे बड़े भाई कृष्णदास बैरागी के साथ महिल वार्ड में डाक्टर द्वारा गाली गलौज कर हुए मारपीट की गई है।

कालेज के छात्रों द्वारा भी उनके साथ भानुप्रताप के साथ भी अभद्रता की गई है इसकी सूचना मुझे फोन पर मिली तो उस समय वहां पहुंचा तो छात्र झूमाझपट करने लगे तो मेरी सोने की चैन भी गि गई है, जो नहीं मिली है। वहीं मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताय कि महिला मरीज को पुरुष वार्ड में रख र थे, तो डाक्टर ने विरोध किया तो विवा करने लगे। मामला रात में शांत हो गय था। दूसरे दिन सुबह आकर इस मामले को जबरन तूल दिया गया। कोई मारपीट नहीं हुई है। शिकायतकर्ता ही डाक्ट से अनावश्यक बहस कर रहे थे। उस समय वहां हो सकता छात्र आ गए हो लेकिन किसी ने मारपीट नहीं की। हमने दोनों पक्षों से बात भी की है। इसके बा शिकायत की गई।

### दवा छिड़काव के लिए सौंपा ज्ञापन



निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को पत्र सौंपते हुए शक्तिसिंह राठौर। ●नईदुनिया

रतलाम। भाजयुमो के पूर्व मंडल अध्यक्ष शक्तिसिंह राठौर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से मुलाकात कर पत्र सौंपा। इसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से फैल रहे मलेरिया, डेंगू और अन्य वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पर्याप्त मात्रा में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त को बताया कि हाल में रविवार को भारी बारिश से कई घरों में नालों का पानी प्रवेश कर गया। कई जगह-जगह जलजमाव होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वर्तमान में मलेरिया व डेंगू का प्रकोप चल रहा है। इसकी रोकथाम के लिए तत्काल शहर के सभी क्षेत्रों में एकसाथ युद्ध स्तर पर कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जाए। इससे बीमारियों पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी।

नईदुनिया 22/9/21

# प्रतापनगर ओवरब्रिज में दिखने लगे सरिये, गड्ढों में पानी से परेशानी



भक्तन की बावड़ी मार्ग पर उभरे गड्ढे। • नईदुनिया

रतलाम। सामाजिक कार्यकर्ता मयंक कठियारी ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। इसमें महू रोड स्थित प्रतापनगर ओवरब्रिज की मरम्मत कराने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि महू-नीमच ओव ब्रिज की हालत बहुत दयनीय हो रही है। एक-दो फीट के गड्ढे हो रहे हैं। गड्ढों से सरिये दिखाई देने लगे हैं। किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आए दिन हादसे हो रहे हैं। पुल पर पानी ही पानी भरा रहता है।

भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान ब्रिज में कंपन होता है। इस ओर ध्यान देकर शीघ्र ओवरब्रिज की मरम्मत करवाई जाए। साथ ही बस स्टैंड से भक्तन की बावड़ी वाले बायपास रोड की भी स्थिति काफी दयनीय हो रही है। बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं। सड़क का कुछ हिस्सा डामरीकरण व कुछ हिस्सा सीसी होने से पानी भरा ही रहता है। इस पर भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। साथ ही बायपास अहिंसा ग्राम रोड पर लाइट के खंबे एक-दो साल से लगे हैं, लेकिन उन पर आज तक लाइट नहीं लग पाई है।

### आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

अहिंसा ग्राम रोड संघर्ष के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। समिति के सुरेश मनसुखानी, प्रकाश व्यास ने बताया कि भक्तन की बावड़ी स्थित अंडरब्रिज से वर्तमान में केवल एक साइड से आवागमन किया जाता है। इससे कई बार दोनों तरफ जाम की स्थिति बन जाती है। पास वाले स्थान को भी आवागमन के लिए बना दिया जाए। अंडरब्रिज से लेकर मेन रोड तक बारिश के कारण बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे आवागमन करने वालों में दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

नगर निगम के ठेकेदार रितेश दवे सपत्नीक डी मार्ट से लौटते समय स्कूटर से गिर गए। इससे उन्हें मोच आई। मछली बाजार-डी मार्ट से लेकर प्रतापनगर स्टेट रोड तक लाइट का काम लगभग पूर्ण हो चुका है। सिर्फ एलईडी लगाकर चालू करना है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप पुरोहित, आशीष अग्निहोत्री, पुष्पेंद्र, कबीर खान, बालचंद आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया २२/९/२१

**तब तक उखड़ी सड़कों पर ही चलना होग शहर को**

# तेज बारिश से सड़क जर्जर, पहले सात दिन होगा सर्वे, फिर होगा रखरखाव

पत्रिका न्यूज पंच



रतलाम. शहर में रविवार की बारिश के बाद सड़के जर्जर हो गई है। डामर की सड़क हो या सीसी रोड, सबकुछ टूट गई है व शहर में जगह जगह से उखड़ गई है। इनको बेहतर करने के लिए नगर निगम ने उपयंत्रियों व इंजीनियरों का दल बनाया है। यह दल पहले सात दिन तक शहर में सड़क कहां कहां टूटी है इसको देखेगा, इसके बाद आयुक्त को रिपोर्ट दी जाएगी। इसके बाद इनको नया बनाना है या पैंचवर्क करना है, इस बारे में निर्णय लिया जाएगा।

रविवार को हुई 6 इंच की बारिश के बाद शहर में एक भी कॉलोनी, गली, चौराहा की सड़क नहीं रही है जो सुरक्षित रही हो। दो बत्ती जैसे व्यस्त मार्ग की सड़क हो या घांस बाजार जैसे बाजार क्षेत्र की सड़क हर स्थान पर या तो टूट गई है या उखड़ गई है। ऐसे में अब इन पर वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल भरा हो रहा है। शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्र में तो सड़क इतनी जर्जर हो गई है कि आमजन के दो पहियां वाहन पंचर हो रहे हैं।

## पहले कमेटी की रिपोर्ट का इंतजार

नगर निगम ने इन सड़कों के सुधार के लिए कमेटी का गठन किया है। सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल के नेतृत्व में बनी कमेटी में निगम के लोकनिर्माण विभाग के उपयंत्रियों को लिया गया है। इनको शनिवार तक अपनी रिपोर्ट आयुक्त को सौंपना है। इसके बाद सोमवार को क्षेत्र में हुए नुकसान के आधार पर निर्णय लिया जाएगा की नई सड़क बनेगी या रखरखाव कार्य होगा।

शहर में रविवार को हुई बारिश के बाद सड़के खराब हुई है। इनके लिए एक सप्ताह में जांच करके इनके निर्माण कार्य करने के लिए कहा गया है। - **चैतन्य काश्यप**, शहर विधायक

पत्रिका 22/5/2

सफाई कार्य हेतु वार्डो में हाथ गाड़ियों का वितरण हुआ

# बेहतर होगी सफाई, नहीं गिरेगा सड़क पर कचरा



**रतलाम.** शहर में लंबे समय से नगर निगम के स्वास्थ्य कर्मचारी नई हाथ गाड़ी की मांग कर रहे थे। इस गाड़ी का उपयोग कचरा उठाने के काम में आता है। अब तक टूटी हुई गाड़ियों का उपयोग करने वाले कर्मचारियों को अब नई गाड़ियों से काम करने की सुविधा मिलेगी। नगर निगम ने मंगलवार से इसका वितरण शहर में 49 वार्डो में शुरू कर दिया है। पुरानी हो गई गाड़ियां जगह जगह से टूट गई थी, अब नई गाड़ियों के होने से कचरा भी सड़क पर नहीं फैलेगा।

नगर निगम उपायुक्त विकास सोंलकी ने बताया शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा खरीदी गई हाथ गाड़ियों का वितरण मंगलवार से स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह द्वारा वार्ड दरोगाओं को किया गया। नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में 2-2 हाथ गाड़ियों का वितरण किया गया। जिससे सफाई कार्य में सुधार होगा। इस अवसर पर वार्ड दरोगा उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त सोलंकी ने दरोगाओं को कहा कि नई गाड़ी का उपयोग व रखरखाव इसी तरह करें जिस तरह अपने निजी वाहन का करते हैं। इससे यह लंबे समय तक चलेगी व शहर में आमजन को बेहतर स्वच्छता मिल पाएगी।

पत्रिका २२/९/२१

# 128 करोड़ रुपए के सीवरेज प्रोजेक्ट का सीएम कल करेंगे ई-लोकार्पण

रतलाम। अमृत योजना अंतर्गत 128 करोड़ रुपए के सीवरेज प्रोजेक्ट की सुविधा रतलामवासियों को जल्द मिलने जा रही है। 22 सितंबर की दोपहर 12 बजे सीएम शिवराजसिंह चौहान योजना अंतर्गत निर्मित करमदी मार्ग और खेतलपुर एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) का ई-लोकार्पण करेंगे। हालांकि अभी तक 50 फीसद हाऊस कनेक्शन हो चुके हैं, शेष कार्य जल्द पूरा करने की कवायद जारी है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि 128.78 करोड़ की लागत से सीवरेज योजना का कार्य जमीनी स्तर पर लगभग पूरा हो चुका है। वर्ष-2047 तक की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किए प्रोजेक्ट में 276.36 किलोमीटर का सीवरेज नेटवर्क तैयार किया है। 5 हजार 26 मेनहोल चैंबर बनाने के अलावा 11 हजार 155 हाऊस चैंबर बनाए गए हैं। शहर में कुल 43 हजार 273 भवनों के मान से अभी तक कंस्ट्रक्शन कंपनी जयवरुणी इंफाकॉन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 20 हजार 283 हाउस कनेक्शन जोड़ दिए हैं। शेष 50 फीसद कार्य आगामी 1 माह में पूरा करने के लिए संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया। सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत खेतलुपर ट्रीटमेंट प्लांट 16 एमएलडी (मिलियन लीटर पर डे) का बनाया गया है, जबकि दूसरा करमदी रोड स्थित ट्रीटमेंट प्लांट 21.5 एमएलडी (मिलियन लीटर पर डे) क्षमता का बनाया गया है। दोनों ट्रीटमेंट प्लांट का विधिवत 22 सितंबर को शुरू होने के बाद योजना से शहर की खुली नाली एवं नालों में आने वाले सीवेज से मुक्ति मिलेगी साथ ही भूमिगत जल को भी प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा। नवभारत

नवभारत २२/9/२१

## इंजीनियरों को दिए सख्त निर्देश

# निगम प्रशासक ने किया सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लैक्स का निरीक्षण



रतलाम. शहर के सबसे मुख्य क्षेत्र में स्थित सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लैक्स को नवीन स्वरुप देने के लिए यहां किए जा रहे सुधार कार्यों का निरीक्षण मंगलवार शाम कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोतम्म ने किया। निगम के कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल सहित अन्य इंजीनियरों को सख्त निर्देश दिए कि मार्केट में सुधार से जुड़े कामों को समय सीमा में कर लिया जाए।

निगम प्रशासक कुमार के साथ आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मंगलवार को मार्केट का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री व इंजीनियर आदि मौजूद रहे। निगम प्रशासक ने मार्केट के कोने-कोने का निरीक्षण कर सफाई व ड्रेनेज व्यवस्था को देखा और कमियों को दूर करने के निर्देश मौके पर ही दिए है। इसी तरह दुकानों की शटर की मरम्मत और जरुरत होने पर नए शटर लगाने के लिए भी संबधित इंजीनियर को निर्देश दिए गए है। बता दे कि पत्रिका ने इन सभी मामलों पर समाचारों का प्रकाशन किया था।

### आयुक्त ने दी जानकारी

निगम प्रशासक कुमार को आयुक्त झारिया ने बताया कि मार्केट की 99 दुकानों को नगर निगम के ई टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदारी भी रुचि दिखा रहे है। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानो व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां मरम्मत कार्य भी शुरु करवा चुका है। इस मौके पर दुकानों की खरीदारी के लिए आए व्यापारियों ने भी आयुक्त से मुलाकत की और ई निविदा से जुड़ी जानकारी व नियम शर्ते जानी। कलेक्टर कुमार ने कहा कि सुभाष मार्केट रतलाम के व्यापारियों के लिए बड़ी सौगात है। यह शहर का सबसे बड़ा मार्केट है, जहां सुसज्जित दुकाने और विशाल पार्किंग है। मार्केट में मरम्मत, रंगाई पुताई आदि का कार्य तेजी से चल रहा है और व्यापारी यहां स्थित कार्यालय पर आकर अपने लिए दुकानों की बुकिंग करवा सकते है।

पत्रिका २२/७/२१

# व्यापारियों के लिए सौगात है सुभाष शापिंग काम्प्लेक्स

रतलाम। बस स्टैंड के समीप सालाखेड़ी सिटी फोरलेन पर स्थित सुभाष शापिंग काम्प्लेक्स को नवीन स्वरूप देने के कार्यों का निरीक्षण मंगलवार शाम कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने करते हुए नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सहित अन्य इंजीनियरों को समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ कलेक्टर ने मार्केट की सफाई व ड्रेनेज व्यवस्था को देखा और दुकानों की शटर की मरम्मत, जरूरत होने पर नए शटर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि व्यापारियो के लिए यह मार्केट सौगात है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि मार्केट की 99 दुकानों को नगर निगम ई टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर रतलाम शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदार भी रुचि दिखा रहे हैं। यहां की दुकानों के लिए 30 वर्ष की लीज या 10 वर्ष की लीज राशि एक मुश्त जमा कराए जाने पर फ्री होल्ड का प्रविधान भी रखा गया है। इसके साथ ही दुकानों पर किसी तरह का किराया नहीं रहेगा। आयुक्त ने बताया कि शहर के सबसे बड़े इस मार्केट में पार्किंग की पर्याप्त सुविधा है। इसके साथ ही समीप की एक बड़ी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर वहां भी पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि चार पहिया सहित अन्य बड़े वाहनों को यहां खड़ा किया जा सके।

नईदुनिया २२/७/२१

# मुख्यमंत्री 1000 करोड़ की लागत के 73 कार्यों का करेंगे लोकार्पण

प्रसारण न्यूज़ • भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जन-कल्याण और सुराज अभियान में 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे मिंटो हॉल में एक हजार करोड़ से अधिक की लागत के 73 विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। साथ ही 402 शहरों को 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर 299.04 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन, यू-ट्यूब, फेसबुक लाइव और वेबकास्ट के माध्यम से किया जायेगा।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 13, इंदौर में 15, सागर में 2, जबलपुर में 17, उज्जैन में 19, रीवा में एक, ग्वालियर-चंबल में 6 और मध्यप्रदेश निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के 6 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। भोपाल संभाग में 242 करोड़ 61 लाख 46 हजार के 13 कार्यों का लोकार्पण होगा। इनमें महालक्ष्मी 551, आवासीय परिसर निर्माण, रूक़2 माता मंदिर से न्यू मार्केट मार्ग निर्माण, पेयजल योजना शमशाबाद, ट्रेक्टीकल परियोजना अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर प्लेस मेकिंग कार्य, नगर के विभिन्न वार्डों में सीसीरोड एवं नाली निर्माण तथा मसानिया तलाई में सीसी निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य, वार्ड 29 नेहरू नगर पुलिस लाईन उद्यान का विकास, नेहरू नगर में AVM S कूल के पास उद्यान का विकास, ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसायिक परिसर में निर्माण, यादगारे शाहजहानी एक्सटेंशन उद्यान का विकास, जोन 18 इण्डस कॉलोनी में 7 उद्यानों का विकास और वार्ड क्र. 14 बस स्टेण्ड पर यात्री प्रतीक्षालय निर्माण सिलवानी शामिल हैं। जबलपुर संभाग में 49 करोड़ 57 लाख 50 हजार रूपये की लागत के 11 कार्यों का लोकार्पण होगा।

## रतलाम में कर्मशाला परिसर निर्माण का करेंगे लोकार्पण


इनमें गांधी लाईब्रेरी, आधार तल पार्क विकास, चन्द्रशेखर आजाद पार्क विकास, शिव नगर पार्क विकास, दमुआ के वार्ड क्र.-13 में नगरपालिका भवन निर्माण कार्य, आदर्श नगर पार्क विकास, रोड सेफ्टी इक्यूपमेंट, योजना क्रमांक-5 विजय नगर अंतर्गत 27 नग विला ड्यूपलेक्स का निर्माण एवं परिसर का बाह्य विकास कार्य, योजना क्रमांक-11 द्वि.च., शताब्दीपुरम के अंतर्गत मध्यम वर्ग के हितग्राहियों हेतु 48 नग एमआईजी भवनों का निर्माण एवं परिसर का बाह्य विकास कार्य, योजना क्रमांक-2ब, बाजनामठ के अंतर्गत 21 नग ड्यूपलेक्स भवनों का निर्माण एवं परिसर का बाह्य विकास कार्य, योजना क्रमाक-14 आईएसबीटी के समीप शॉपिंग कॉम्पलेक्स (39 दुकानें, 21 ऑफिस, 25 होटल/रेस्टोरेंट रूम) का निर्माण कार्य एवं परिसर का बाह्य विकास कार्य शामिल है। प्रसारण

प्रसारण 22/9/21

# रतलाम के व्यापारियों के लिए सौगात है सुभाष शॉपिंग कॉम्पलेक्स

## कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने सुभाष शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निरीक्षण कर सुधार कार्यों का जायजा लिया

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



शहर के सबसे मुख्य क्षेत्र में स्थित सुभाष शॉपिंग कॉम्पलेक्स को नवीन स्वरुप देने के लिए यहां किए जा रहे सुधार कार्यों का निरीक्षण मंगलवार शाम कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोतम ने करते हुए नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सहित अन्य इंजीनियरों को निर्देश दिए है कि मार्केट में सुधार से जुड़े कामों को समय सीमा में कर लिया जाए।

निगम प्रशासक कुमार पुरुषोतम के साथ आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुरुवार दोपहर मार्केट का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री व इंजीनियर आदि मौजूद रहे। निगम प्रशासक ने मार्केट के कौने-कौने का निरीक्षण कर यहां की सफाई व ड्रेनेज व्यवस्था को देखा और समय सीमा में यहां व्याप्त कमियों को दूर करने के निर्देश मौके पर ही दिए है। इसी तरह दुकानों की शटर की मरम्मत और जरुरत होने पर नए शटर लगाने के लिए भी संबधित इंजीनियर को निर्देश दिए गए है। इस मौके पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि मार्केट की 99 दुकानों को नगर निगम के ई-टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर रतलाम शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदारी भी रुचि दिखा रहे है। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानों व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां मरम्मत कार्य भी शुरु करवा चुका है।

उन्होंने बताया कि सुभाष मार्केट की दुकानों की नीलामी ई-निविदा के माध्यम से प्राप्त होकर पारदर्शी आंवटन होगा। यहां की दुकानों के लिए 30 वर्ष की लीज या 10 वर्ष की लीज राशि एक मुश्त जमा कराए जाने पर फ्री होल्ड का प्रावधान भी रखा गया है। इसके साथ ही दुकानों पर किसी तरह का किराया नही रहेगा।

आयुक्त ने बताया कि शहर के सबसे बड़े इस मार्केट में पार्किंग की पर्याप्त सुविधा है, इसके साथ ही समीप की एक बड़ी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर वहां भी पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि चार पहिया सहित अन्य बड़े वाहनों को यहां खड़ा किया जा सके।

इस मौके पर दुकानों की खरीदारी के लिए आए व्यापारियों ने भी आयुक्त से मुलाकात की और ई-निविदा से जुड़ी जानकारी व नियम शर्तें जानी है। सोमनाथ झारिया ने बताया कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस शॉपिंग कॉम्पलेक्स महू रोड की दुकानें प्रथम फ्लोर व लोवर फ्लोर पर स्थिति दुकानों के आंवटन मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल संपति का अंतरण) नियम 2016 एवं संशोधित नियम 4 मई 2021 के प्रावधान के अंतर्गत किए जाने के लिए ऑफर ई-निविद द्वारा आमंत्रित है।

इस मौके पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि सुभाष मार्केट रतलाम के व्यापारियों के लिए बड़ी सौगात है, यह शहर का सबसे बड़ मार्केट है, जहां सुसज्जित दुकानें और विशाल पार्किंग है। मार्केट में मरम्मत, रंगाई-पुताई आ का कार्य तेजी से चल रहा है और व्यापारी य स्थित कार्यालय पर आकर अपने लिए दुका की बुकिंग करवा सकते है।

प्रसारण

प्रसारण २२/५/२१

वैध कब्जा करने वालों को न्यायालय का झटका

# का की अवैध राह बचाने यर याचिका खारिज

मप्र हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने जितेन्द्र नागल की याचिका को अस्वीकार किया

अब कलेक्टर के हाथ में फिर से मामला, नगर निगम को अवैध निर्माण हटाना ही पड़ेगा

शहर के सैलाना रोड पर चेतक ब्रिज के पास द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण करने वाले बिल्डर जितेंद्र नागल की उस याचिका को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने खारिज कर दिया है, जिसमें नजूल व नगर निगम द्वारा लगाए गए लोहे के एंगल को हटाकर रास्ता खोलने की मांग की गई थी। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कोर्ट ने याचिका खारिज कर झटका दिया है। अब फिर से पूरा मामला कलेक्टर के हाथ में चला गया है। जानकारों की माने तो अब बिल्डर को अपना अवैध कब्जा हटाना ही पड़ेगा। रतलाम.

र्माण को तोड़ने
ने दिए थे,
ान मामला
ाने के कारण
अवैध निर्माण
उंड्रीवाल की
आ गया था।
की ओर से
की इंदौर
दायर कर
जाही बहाल
थी, लेकिन
याचिका को
दिया है।

## हाईकोर्ट: प्रथम दृष्टया मामला सुनवाई योग्य नहीं

द्वारका रेसीडेंसी की तरफ से अभिभाषक विवेक पटवा व देवाशीश दुबे ने याचिका मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में लगाई। इसमे संविधान की धारा 226 का हवाला देते हुए बताया कि रास्ता बंद किए जाने से आमजन को नुकसान है। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग पर हुई इस रीट याचिका में प्रशासन की कार्रवाई को गलत बताया गया। इसमें कार्रवाई के अधिकार को भी चुनौती दी गई। इसके अलावा जो एंगल लगाए गए उस हटाने का कहा गया। न्यायाधीश रोहित आर्य ने इस याचिका को प्रथम दृष्टया सुनवाई के योग्य ही नहीं माना है।

## प्रशासन: अब कार्रवाई के लिए दावा हुआ मजबूत

पूरे मामले में उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ से याचिका निरस्त होने के बाद अब द्वारका रेसीडेंसी का पूरा मामला फिर से कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम व नगर निगम प्रशासक के पास चला गया है। कानूनी जानकारों की माने तो अब इस मामले में प्रशासनिक जांच और उनका पक्ष काफी मजबूत हो गया है। प्रशासन की ओर से जो तर्क दिए गए है, वे न्यायालय की नजर में याचिका को सुनवाई योग्य नहीं मानने के लिए पर्याप्त थे। नगर निगम को प्रशासन की ओर से जारी सरकारी भूमि पर किए अवैध निर्माण हटाने का आदेश अमल में लाना होगा।

## बिल्डर: अब फिर कलेक्टर के समक्ष रखना होगा पक्ष

मामले में द्वारका रेसीडेंसी के प्रमुख बिल्डर जितेन्द्र नागल ने अभिभाषकों के माध्यम से हाईकोर्ट के समक्ष प्रशासन की कार्रवाई को कटघरे में खड़ा किया और अवैध कब्जा बताई जा रही जगह बंद किए जाने पर आम लोगों को नुकसान का तर्क दिया, हालांकि यह तर्क खास प्रभाव नहीं डाल पाए। हाईकोर्ट से मामले को सुनवाई योग्य नहीं बताने के बाद बिल्डर को कलेक्टर के समक्ष अपना पक्ष रखना होगा। जानकारों की माने तो कलेक्टर पूर्व आदेश के पालन को प्राथमिकता में रखेंगे।





सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पत्रिका में समाचारों का लगातार प्रकाशन।

पत्रिका 22/9/21

## डेंगू का कहर : जिले में अब तक डेंगू के 326 मामले

# 115 बच्चे भी डेंगू की चपेट में, बीते 1 हफ्ते में डेंगू से 3 बच्चों ने तोड़ा दम

प्रसारण न्यूज • रतलाम




जिले में डेंगू की रफ्तार बेकाबू हो रही है। सोमवार को रतलाम में 6 डेंगू के मरीज सामने आए हैं। जिले में अब तक 326 डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं, वहीं 115 बच्चे भी डेंगू से पीड़ित हुए हैं । रतलाम में बीते 1 हफ्ते में एंटीजन टेस्ट पॉजिटिव पाए गए। 11 से 14 वर्ष की उम्र के 3 बच्चों की डेंगू से मौत भी हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुकाबले रतलाम के शासकीय और प्राइवेट अस्पतालों में डेंगू के मरीजों की दोगुनी संख्या दिखाई दे रही है, जहां लगभग सभी अस्पतालों में बेड फुल होना बताया जा रहा है।

जिले में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार प्रभावित क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे कर संदिग्ध डेंगू के मरीजों की पहचान में जुटी हुई है, वहीं डेंगू पर प्रहार अभियान के अंतर्गत लोगों में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है।

रतलाम जिले के सेमलिया गांव में 12 वर्षीय हरिओम सोलंकी, नामली के स्टेशन रोड निवासी 14 वर्षीय काजल सोलंकी और रावटी निवासी 15 वर्षीय नमन ग्वालियरी की मौत डेंगू की वजह से हो चुकी है। इन तीनों बच्चों की डेंगू एंटीजन टेस्ट पॉजिटिव आए थे। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में अब तक डेंगू से एक भी मौत की पुष्टि नहीं की गई है।

रतलाम जिले के जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति को भी डेंगू के लक्षण दिखाई देने के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है। डॉक्टर प्रजापति को तेज बुखार और शरीर पर चकत्ते दिखने पर उनका एलाइजा टेस्ट करवाया गया है, जिसकी टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि डेंगू के पॉजिटिव केस आने पर प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे करने जाते थे, इसी दौरान डेंगू के चपेट में आ गए।

रतलाम जिले में जुलाई और अगस्त के महीने के दौरान 200 से अधिक डेंगू के मरीज मिले थे, जिसके बाद सितंबर के 20 दिनों में ही 126 डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं, वहीं डेंगू के मरीजों की वास्तविक संख्या का आंकलन जिला अस्पताल और प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या के आधार पर लगाया जा सकता है। अस्पतालों में ऐसे कितने ही मरीज भर्ती है, जिनका डेंगू एलाइजा टेस्ट निगेटिव आया है, लेकिन इन मरीजों का ब्लड प्लेटलेट्स कम होने और डेंगू जैसे ही लक्षणों का उपचार चल रहा है।

स्वास्थ विभाग के सर्वे के दौरान गांव और शहर में बड़ी संख्या में वाटर टैंकों में मच्छर के लार्वा मिले हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी क्षेत्र में भी डेंगू की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा मलेरिया विभाग के साथ मिलकर लार्वा सर्च और चालानी कार्रवाई का अभियान चलाया जा रहा है। प्रसारण

प्रसारण 22/9/21